

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार, 29 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-299 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### छग की सुनीता यादव मप्र राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की अध्यक्ष बनीं

**भोपाल 29 जनवरी।** मध्य प्रदेश सरकार की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल ने ग्वालियर खंडपीठ कि न्यायमूर्ति श्रीमती सुनीता यादव को मध्य प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति श्रीमती सुनीता यादव को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 4 वर्ष की अवधि अथवा 67 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो तक के लिए मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त करता है। श्रीमती यादव सेवानिवृत्त डीएसपी अजीत यादव की छोटी बहन है। वें ग्वालियर खंडपीठ में न्यायाधीश थीं। श्रीमती यादव की मां देवेन्द्र नगर रायपुर में रहती हैं। उनकी पूरी पढ़ाई छत्तीसगढ़ में ही हुई है।



### रायपुर, दुर्ग, भिलाई बिलासपुर, नांदगांव में आईटी का छापा

**रायपुर, 29 जनवरी।** इनकम टैक्स (IT) की टीम ने रायपुर, दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर में राइस मिलर समेत कई अन्य ट्रेड से जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा है. आईटी की टीम सुबह से रायपुर में सत्यम बालाजी ग्रुप के ठिकानों पर जांच कर रही है. दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है. बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की आशंका जताई जा रही है. सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, आईटी की टीम रायपुर के रामसागरपारा, राठौर चौक,जवाहर मार्केट स्थित कारोबारियों के घर और ऑफिसों में दबिश दी है. बड़ी संख्या में आयकर विभाग के अधिकारी जांच में जुटे हैं. रायपुर में रामसागरपारा, राजीव नगर, राठौर चौक, जवाहर मार्केट स्थित कारोबारियों के घर और ऑफिसो में IT के अधिकारी जांच कर रहे हैं। 100 से ज्यादा आयकर अधिकारियों की अलग अलग टीमें जांच कर रही है।

### मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान

**प्रयागराज, 29 जनवरी।** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या का अमृत स्नान का सिलसिला जारी है. सुबह 10 बजे तक 3.61 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई, जिनमें 10 लाख कल्पवासी भी शामिल हैं. अब तक कुल 21 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में पवित्र स्नान किया है. संगम तट पर आस्था का यह विशाल सैलाब उमड़ रहा है और श्रद्धालु अपनी धार्मिक आस्था को लेकर स्नान कर रहे हैं. प्रशासन भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था में जुटा हुआ है.

# महाकुंभ में भगदड़, 20 से ज्यादा लोगों की मौत

**प्रयागराज, 29 जनवरी।** प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर संगम में भगदड़ मचने की खबर है। 20 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर भी सामने आई है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और हालात का जायजा लिया।

प्रयागराज में मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम क्षेत्र में महाकुंभ के दौरान भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें 20 से अधिक लोगों की मौत की खबर सामने आई है और कई लोग घायल हो गए। हालांकि, प्रशासन ने मौत या घायलों की संख्या को लेकर अब तक कोई जानकारी नहीं दी है। खबरों के मुताबिक, हादसा तब हुआ जब बीती रात करीब 2 बजे संगम नोज पर बैरियर टूट गया। घटनास्थल पर अब भी भीड़ नियंत्रण में नहीं है, और प्रशासन श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण तरीके से अपने स्थान पर बने रहने की अपील कर रहा है। साधु-संतों ने भी श्रद्धालुओं से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### मोदी और शाह ने योगी से की बात

घटना की जानकारी मिलते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और हालात का जायजा लिया। पीएम मोदी ने घायलों को शीघ्र चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीएम योगी से बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मां गंगा के जिस घाट के पास हों, वहीं स्नान करें और संगम नोज की ओर जाने की कोशिश न करें। उन्होंने बताया कि स्नान के लिए कई घाट बनाए गए हैं, जहां किसी भी स्थान पर स्नान किया जा सकता है। सीएम योगी ने सभी से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही। साथ ही उन्होंने लोगों को किसी भी तरह की अफ्वाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी।

### हादसे का कारण

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संगम क्षेत्र में बैरियर टूटने के कारण भगदड़ मची। इस हादसे के बाद घायलों को मेला क्षेत्र के सेक्टर 2 में स्थित केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौनी अमावस्या के दिन संगम में 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना थी। हादसे के थोड़ी देर बाद 13 अखाड़ों के साधु-संतों ने अमृत स्नान किया। उन पर हेलीकाप्टर से फूल बरसाए गए। बसंत पंचमी के दिन के लिए विशेष तैयारियां की जाएंगी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने स्थान पर रहें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

यह हादसा महाकुंभ के इतिहास में एक दुखद दिन के रूप में दर्ज हो गया है। महाकुंभ का यह पर्व हर 140 वर्षों में आता है, और इसके प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह अत्यधिक होता है। प्रशासन, साधु-संतों और अखाड़ा परिषद की अपील का उद्देश्य है कि अगले स्नान के दौरान सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### प्रशासन मुस्तैद : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महाकुंभ में हुई भगदड़ को लेकर कहा कि पूरा प्रशासन मुस्तैद है. उन्होंने बताया कि अखाड़ा मार्ग पर भीड़ का दबाव था. रात 2 बजे के करीब ये घटना हुई. कुछ श्रद्धालु बैरिकेड फांदने के दौरान घायल हो गए. घायलों को बेहतर उपचार मिल रहा है. घटना को लेकर पीएम मोदी से चार बार और गृह मंत्री अमित शाह से भी बातचीत हुई है. सीएम ने अफ्वाह पर ध्यान न देने और संयम से काम लेने की अपील की है.

### सीएम साय ने जताया दुख



प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर भगदड़ से कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई. वहीं कई लोग घायल हुए हैं. इस घटना पर सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा, महाकुंभ में घटित भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन और घायल होने की खबर अत्यंत दुःखद है. ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं घायल श्रद्धालुओं के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं.

## प्रयागराज से जुड़ी सभी सीमाएं सील

प्रयागराज। महाकुंभ में मची भगदड़ के चलते योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रशासन ने प्रयागराज से जुड़ी सभी जिलों की सीमाओं को सील कर दिया गया है। साथ ही प्रयागराज आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सरकार के आदेश के बाद पुलिस और प्रशासन एक्टिव हो गई है। प्रयागराज से जुड़े सभी जिलों की सीमाओं पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। सभी श्रद्धालुओं को सीमाओं पर रोक लिया गया है।

### कुप्रबंधन, बदइंतजामी घटना की वजह : राहुल



राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने योगी सरकार तीखा हमला बोला। राहुल ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोपरि रखने की बात कही है। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने महाकुंभ में हुई इस घटना का जिम्मेदार कुप्रबंधन, बदइंतजामी को ठहराया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण कई लोगों के मौत और कईयों के घायल होने की ख़बर अत्यंत दुखद है।

अखिलेश यादव में महाकुंभ में भगदड़ के अफ्सोस जताते हुए कहा है, महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। श्रद्धांजलि।

## कांग्रेस पूरी तरह निराश, चुनाव से पहले हार मानी : साव

**रायपुर, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा है कि राज्य के 10 नगर निगमों, 49 नगरपालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में जो चुनाव हो रहा है, उसके लिए नामांकन दाखिले का काम मंगलवार को पूर्ण हो चुका है और बुधवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा हो रही है। इस बीच अनेक स्थानों पर उन्हें (स्वयं श्री साव को) 2023 के विधानसभा, 2024 के लोकसभा चुनावों और रायपुर दक्षिण उपचुनाव के समय जैसा उत्साह था, वैसा ही उत्साह निकाय चुनावों की नामांकन रैलियों में दिखाई पड़ा है। श्री साव ने कहा कि यह बताता है कि नगरीय निकाय में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है और भाजपा सभी नगरीय निकायों में चुनाव जीतने वाली है। श्री साव बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।




प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कांग्रेस में मचे अंदरूनी घमासान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की हालत सबके सामने है। पिछले 5 दिनों में जो मंजर प्रदेशवासियों ने देखा है, उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी में कैसी ऊहापोह और आपाधापी मची है, किस तरह से और कैसे प्रत्याशियों का चयन हो रहा है! श्री साव ने कहा कि यह कितनी दुर्भाग्यजनक बात है कि महापौर जैसे पद के लिए कांग्रेस के पास जमीन पर काम करने वाली कोई कांग्रेस नेत्री नहीं मिली! अपने कार्यकर्ताओं की कैसी उपेक्षा और अपमान कांग्रेस पार्टी ने किया है, यह प्रत्याशियों का विश्लेषण करने पर साफ हो जाएगा। कम-से-कम महापौर के पद पर भी संगठन में, जनता के बीच काम करने वाले प्रत्याशी तक कांग्रेस लेकर नहीं आ पाई। श्री साव ने कहा कि कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में 15 साल राज किया। राज्य के अधिकांश नगर निगमों में कांग्रेस का बहुमत था, पर निवर्तमान महापौर, जो नगरीय निकाय के पदाधिकारी हैं, उनको कांग्रेस पार्टी ने छिपा लिया क्योंकि उन्हें पता है जनता में उनके प्रति काफी आक्रोश है।

## यमुना जी में ही डूबेगी आप-दा वालों की लुटिया : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 29 जनवरी।** अरविंद केजरीवाल और आतिशी के हरियाणा पर यमुना नदी के पानी में जहर घोलने के आरोप के बाद से सियासत तेज हो गई है। इन सबके बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने इसको लेकर अरविंद केजरीवाल पर पलटवार किया है। मोदी ने कहा कि क्क्दा वाले कह रहे हैं कि हरियाणा वाले दिल्ली के पानी में जहर मिलाते हैं। ये सिर्फ हरियाणा का नहीं बल्कि भारतीयों का अपमान है, हमारे संस्कारों का अपमान, हमारे चरित्र का अपमान है। ये वो देश है, जहां पानी पिलाना धर्म माना जाता है। इस देश के लोगों पर ऐसा झूठा आरोप कि कुछ भी बोल रहे हैं।



मोदी ने साफ तौर पर कहा कि मुझे पक्का विश्वास है कि ऐसी ओछी बाते करने वालों को दिल्ली इस बार सबक सिखाएगी। इन आप-दा वालों की लुटिया यमुना जी में ही डूबेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ में क्क्दा वालों ने एक और घोर पाप किया है और ये पाप कभी भी माफ नहीं हो सकता है। दिल्ली के एक पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा के लोगों पर घिनौने आरोप लगा दिए हैं। हार के डर से क्क्दा वाले बौखला गए हैं। क्या हरियाणा दिल्ली से अलग है? क्या हरियाणा वालों के बच्चे, परिवार और नाते-रिश्तेदार दिल्ली में नहीं रहते। क्या हरियाणा के लोग अपने ही बच्चों के पानी में जहर मिला सकते हैं।

## श्री सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू

**मुम्बई, 29 जनवरी।** हिंदुओं के आस्था के प्रमुख केंद्रों में एक मुंबई स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू हो गया है। अब मंदिर में केवल उन्हीं भक्तों को जाने की अनुमित दी जाएगी जो भारतीय परंपरा के अनुरूप पारंपरिक पोशाक पहने रहेंगे। महिलाओं-लड़कियों के मिनी स्कर्ट और जींस पहनकर आने पर रोक लगा दी गई है। वहीं पुरुषों को भी भारतीय परिधान में आने पर ही पूजा की इजाजत मिलेगी। मंदिर प्रशासन की ओर से यह फैसला कई शिकायतों के बाद लिया गया है। सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट ने इस संबंध में एक आधिकारिक पत्र जारी किया है। पत्र में मंदिर ट्रस्ट ने कहा है कि गणेश भक्तों को भारतीय परंपरा के अनुरूप कपड़े पहनने चाहिए ताकि अन्य नागरिकों को सिद्धिविनायक मंदिर में जाने पर शर्म महसूस न हो। भक्तों को पूरे शरीर पर कपड़े पहनने चाहिए, यह नियम सभी के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। अगर इस ड्रेस कोड का उल्लंघन किया गया तो मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।



बता दें कि हर साल लाखों श्रद्धालु सिद्धिविनायक मंदिर में आराध्य देव गणेश के दर्शन के लिए आते हैं। इस दौरान कई लोग मर्यादा के विपरित कपड़े पहनकर पहुंचते हैं। अब भक्तों को यहां दर्शन के लिए आते समय अपने कपड़ों का ध्यान रखना होगा। जो भी भक्त ड्रेस कोड का पालन नहीं करेंगे उन्हें मंदिर प्रशासन अंदर जाने की अनुमति नहीं देगा।

ड्रेस कोड संहिता देश के कई तीर्थस्थलों में भक्तों के लिए लागू है, जो यह कहता है कि किसी भी पुरुष या महिला को मंदिर में अशोभनीय कपड़े नहीं पहनने चाहिए।

## कांग्रेस को नहीं मिले प्रत्याशी, भाजपा निर्विरोध विजयी

**रायपुर, 29 जनवरी।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन के अखिरी दिन नगर निगम में मेयर सहित पार्षद पद के लिए सभी प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन भरा। इस मौके पर नगर पंचायत चुनाव में मतदान से पहले बारसूर के वार्ड 1 में भाजपा ने जीत हासिल कर ली है। जी हां, भाजपा पार्षद प्रत्याशी गीता बघेल निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। नामांकन के साथ ही एक पार्षद सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर चैतराम अटामी और भाजपा जिलाध्यक्ष ने जीत की बधाई दी। बीजेपी के महेश गागड़ा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि, बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिला के नगर पंचायत बारसूर वार्ड क्रमांक 1 में भाजपा प्रत्याशी गीता बघेल का नामांकन जमा हो गया है। वहीं, यह हास्यास्पद है कि सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी होने का दावा करने वाली कांग्रेस को बारसूर में कोई प्रत्याशी नही मिला। इसी तरह कटघोरा के वार्ड नं. 13 में भी भाजपा प्रत्याशी शिवमती पटेल ने निर्विरोध जीत हासिल कर ली है।

### एजाज ढेबर व उनकी पत्नी को भी टिकिट

**रायपुर, 29 जनवरी।** कांग्रेस में प्रत्याशियों के घोषणा के बाद से लगातार बगावत देखने को मिल रहा है. पार्टी में विरोध इतना ज्यादा है कि राजधानी रायपुर के 70 में से सिर्फ 66 पार्षदों के नाम की ही घोषणा की गई थी. बाकी 4 नामों को रोक दिया गया था. अब खबर है कि 4 में से 1 नाम फाइनल कर लिया गया है. मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड से कांग्रेस ने पूर्व महापौर एजाज ढेबर की पत्नी अंजुमन को अपना उम्मीदवार बनाया है. यानी एक ही घर से दो लोगों को टिकट दिया गया है।

चर्चा है कि प्रत्याशियों को बकायदा फोन कर इस बात की जानकारी दे गई है कि उन्हें नामांकन दाखिल करना है. लेकिन पार्टी की ओर से अभी कोई जानकारी नहीं आई है. नामांकन प्रकिया तो पूरी हो गई है लेकिन शेष 3 सीटों के लिए अभी भी संशय की स्थिति बनी हुई है।



## सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मेस के खाने में मरा हुआ 'चूहा' मिला

**रांची, 29 जनवरी।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफझारखंड में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब छात्रों के रात के डिनर के खाने में मरा हुआ चूहा मिला। चूहा वाला खाना खाने के बाद कई छात्रों की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद आक्रोशित छात्रों ने जमकर बवाल काटा। आक्रोशित छात्रों ने मेस में तालाबंदी कर दी। कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित छात्रों ने मेस में तोड़फोड़ की और करीब 100 की संख्या में छात्र एडमिन ब्लॉक के सामने देर रात तक धरने पर बैठे रहे। छात्रों के हंगामे के बाद स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मामले में फूड इंस्पेक्टर को जांच का आदेश दिया है।



आक्रोशित छात्रों का कहना है कि 27 जनवरी की रात उन्हें जो खाना परोसा गया था, उसमें चूहा का मरा हुआ बच्चा मिला। उस खाने को खाने के कारण कॉलेज के कई छात्र बीमार पड़ गए। इसमें से कुछ छात्रों को अस्पताल में भी भर्ती करना पड़ा। हमने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़झारखंड की स्टूडेंट ग्रुप में खाने में मरे हुए चूहे की तस्वीर भी साझा की है। घटना के बारे में छात्रों ने कहा कि हॉस्टल में रह रहे छात्रों से खाने के लिए हर माह 2600 रुपए लिए जाते हैं। इसके बावजूद उन्हें ढंग का खाना नहीं दिया जाता है। हद तो तब हो गई जब 27 जनवरी की रात उन्हें डिनर में आलू सोयाबीन की सब्जी परोसी जा रही थी। उस खाने में ही मरे हुए चूहे का बच्चा मिला। खाना खाने के बाद कई छात्र बीमार पड़ गए। छात्रों को पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत हुई थी। इसी वजह से आक्रोशित छात्रों ने मेस में भी ताला जड़ दिया।

## शेयर बाजार में प्राफिट का झांसा देकर 10 हजार करोड़ रुपये की ठगी

**श्रीगंगानगर, 29 जनवरी।** शातिर ठग लोगों को ठगी का शिकार बनाने नए-नए तरीके अपना रहे हैं. ताजा मामला श्रीगंगानगर से आया है, जहां युवकों ने एक सॉफ्टवेयर बनाकर शेयर मार्केट में प्राफिट का झांसा देकर कर्नाटक और महाराष्ट्र के हजारों लोगों से 10 हजार करोड़ से अधिक की ठगी की है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि गिरोह 2017 से सक्रिय है और एप से करोड़ों रुपए की ठगी कर चुका है। इस मामले में अंबिका एन्क्लेव सेकंड निवासी लाजपत आर्य व उसके बेटे दीपक आर्य नायक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं गैंग के चार आरोपी फरार हैं। इनमें से एक लाजपत आर्य का बेटा अजय आर्य भी शामिल है। आरोपियों के पास से 85 लाख की एक लग्जरी कार, 10 लाख नकद, 6 मोबाइल फोन और 3 सीपीयू जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने एक करोड़ की आलीशान कोठी बना रखी है। कर्नाटक निवासी कटप्पा बाबू चौहान के परिवाद पर सदर थाने में आरोपियों के खिलाफ 4.50 करोड़ रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया गया है।

## नकाबपोश ने कार को बम से उड़ाया

**दुर्ग, 29 जनवरी।** एक कार को बम से उड़ाने का मामला सामने आया है. कार में हुए विस्फोट से इलाके के लोग दहशत में हैं. हालांकि इस धमाके में कोई जनहानि नहीं हुई. ब्लास्ट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक युवक चेहरा ढके हुए कार के पास दिख रहा है. पूरा मामला भिलाई के स्मृति नगर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, कोहका से कुरुद जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित इंदु आईटी स्कूल के पास की है. कार प्रकाश महोबिया के भांजे संजय बुंदेला की बताई जा रही है. सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक युवक चेहरा ढके हुए कार के पास आया. इसके बाद उसने कार में बम लगाकर टाइमर सेट किया और उसे उड़ा दिया. धमाके से आसपास के लोग डर गए. आशंका जताई जा रही है कि यह घटना किसी प्रकार की साजिश का हिस्सा हो सकता है, लेकिन पुलिस इस पर कुछ स्पष्ट नहीं कह रही है.



## वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की मुहर

**नई दिल्ली, 29 जनवरी।** संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने वक्फ (संशोधन) बिल 2024 की ड्राफ्ट रिपोर्ट और संशोधित बिल को बुधवार को बहुमत से मंजूरी दे दी। समिति के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने मीडिया को बताया कि विपक्षी सांसदों को असहमति पत्र (डिसेंट नोट) जमा करने के लिए शाम 4 बजे तक का वक्त दिया गया है। इस फैसले से विपक्ष खासा नाराज दिखा, क्योंकि समिति ने एनडीए सांसदों के सभी संशोधनों को मंजूर कर लिया, जबकि कांग्रेस, एआईएमआईएम, टीएमसी, शिवसेना (उद्धव गुट) और वाम दलों के सुझावों को पूरी तरह खारिज कर दिया। विपक्षी पार्टीयों का दावा है कि मंगलवार को सांसदों को 600 से ज्यादा पन्नों की ड्राफ्ट रिपोर्ट दी गई थी, जिसे पढ़कर अपनी आपत्ति दर्ज कराना लगभग नामुमकिन था। संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने वक्फ (संशोधन) बिल 2024 की ड्राफ्ट रिपोर्ट और संशोधित बिल को बुधवार को बहुमत से मंजूरी दे दी।

## महिला के पेट में बच्चा और बच्चे के पेट में एक और बच्चा

**मुम्बई, 29 जनवरी।** बुलढाना जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक गर्भवती महिला की सोनोग्राफी चर्चा में है। डॉक्टर ने महिला की सोनोग्राफी का बारीकी से अध्यन किया तो महिला के पेट में बच्चा और बच्चे के पेट में एक और बच्चा दिखा। इसके बाद डॉक्टर चौंक गए। डॉक्टरों ने अपने संदेह को दूर करने के लिए महिला की तीन बार सोनोग्राफी की। सभी सोनोग्राफी में महिला के पेट में भ्रूण और उस भ्रूण के पेट में एक और भ्रूण दिखा। महिला को डिलीवरी में कोई समस्या न हो, इसलिए उसे बड़े अस्पताल भेज दिया।

दरअसल, पूरा मामला बुलढाना सरकारी अस्पताल का है। यहां दो दिन पहले जिले के मोताला तहसील के एक गांव से 9 माह की गर्भवती महिला (32 साल) सरकारी महिला रुग्णालय पहुंची थी। वहां डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल ने गर्भवती की सोनोग्राफी की।

सोनोग्राफी करते समय उन्हें महिला के पेट में बच्चा तो दिखाई दिया। साथ ही उसी बच्चे के पेट कुछ और भी दिखाई दिया। डॉक्टर अग्रवाल ने और तीन बार महिला की सोनोग्राफी की तो उन्हें दिखाई दिया कि जो पेट में बच्चा है, उसके पेट में भी एक बच्चा है। डॉक्टर अग्रवाल ने यह बात अपने वरिष्ठों को बताई. वरिष्ठों ने गर्भवती महिला को डिलीवरी और किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसलिए संभाजीनगर भेज दिया। महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल ने कहा फिलहाल भ्रूण से महिला को तो कोई प्रॉब्लम नहीं है। हालांकि डिलीवरी के बाद जन्मे बच्चे का जल्द उपचार नहीं हुआ तो उसकी ग्रोथ में बाधा आ सकती है।



**भ्रूण में भ्रूण के दुनिया में अबतक 200 मामले:** वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर भागवत भुसारी ने बताया कि इसे डॉक्टरी भाषा में fetus in feto कहा जाता है। दुनिया में ऐसे मामले 200 के लगभग हुए हैं, जिसमें भारत में ऐसे मामले अबतक 15 से 20 हुए हैं।

एक नजर

### उच्च न्यायालय ने सेल के पक्ष में सुनाया फैसला, अतिक्रमित भूमि खाली करने के निर्देश

**भिलाई, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 13 जनवरी 2025 को आर.पी. शर्मा बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएआईएल) और भिलाई स्टील प्लांट नामक रिट याचिका में फैसला सुनाया। इस मामले में भूमि के अतिक्रमण और याचिकाकर्ता आर.पी. शर्मा को 1998 में दी गई भूमि के लीज को समाप्त करने को लेकर विवाद था। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को सात दिनों के भीतर अतिक्रमित भूमि खाली करने का आदेश दिया। ऐसा न करने पर सेल को आगे की कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया। हालांकि, माननीय न्यायालय ने सेल द्वारा लीज को समाप्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया, लेकिन अतिक्रमण की कार्रवाई को उचित ठहराया और प्रक्रिया की निष्पक्षता पर जोर दिया। जनवरी 2012 में, सेल ने लीज अनुबंध के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन करते हुए लीज समाप्त कर दी, जो भूमि पर अनधिकृत कब्जे के मामलों में लीज को समाप्त करने की अनुमति देता है। क्योंकि लीज के अनुबंध के अनुच्छेद 6 का उल्लंघन करते हुए याचिकाकर्ता ने बिना अनुमति के अतिरिक्त भूमि पर कब्जा कर लिया था। दोनों पक्षों को भविष्य में किसी उल्लंघन के लिए अगली सुनवाई का मौका दिया गया। इस याचिका को उक्त निर्देशों के साथ निस्तारित कर दिया गया और न्यायालय ने सेल को आवश्यक होने पर आगे की कार्रवाई करने का अधिकार दिया।

### बोड़ला में सहायक अभियंता गोपाल ठाकुर ने किया ध्वजारोहण



**कवर्धा, 29 जनवरी।** बोड़ला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में शान से लहराया तिरंगा कवर्धा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में उप अभियंता टोमन कुंजाम और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। सभी अधिकारी कर्मचारियों ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई।

### समाज कल्याण विभाग में शान से लहराया तिरंगा



**कवर्धा, 29 जनवरी।** 26 जनवरी 2025 को जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग में श्रीमति अभिलाषा पंडा उपसंचालक समाज कल्याण के द्वारा जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया।उक्त कार्यक्रम में सत्यम कुमार कौशिक सहायक ग्रेड - वेदराम कौशिक,रामचरण पटेल,विनायक सिंह ठाकुर,मोहित सिन्हा,सुखनंदन निषाद , संजय यादव उपस्थित रहे।

### गांजा सहित दो गिरफ्तार



**भिलाई, 29 जनवरी।** भिलाई वैशाली नगर पुलिस ने गांजा बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से 1ण्200 किलो ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम 2500 रूण् बरामद कर लिया है आरोपी कागज की पुड़िया बनाकर गांजा सप्लाई करते थे इस मामल में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 ;खद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि कैम्प.1 वृंदा नगर दशहरा मैदान दच्छु बाड़ी गली के पास एक व्यक्ति रंग सांवला कद लगभग 5 फीट 6 इंच पतला दुबला लाईट ग्रीन कलर का टी.शर्ट एवं काला कलर का लोवर पहना है तथा एक महिला मोटी तगड़ी फीका गुलाबी रंग का सलवार सुट काला स्कार्फ पहनी है जो अपने घर के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री कर रहे हैं सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित की मुखबीर के बताये हुलिया वाले व्यक्ति एवं महिला को पकड़ा गया उन्होंने अपना नाम विशाल सिंह पिता बलविन्दर सिंह ;27 वर्षद्ध निवासी कैम्प.1 वृंदा नगर दच्छु बाड़ी के पास थाना वैशाली नगर तथा पूजा कौर पति रूपेश कुमार जंघेल ;30 वर्षद्ध निवासी कैम्प.1 वृंदा नगर दच्छु बाड़ी के पास थाना वैशाली नगर का निवासी होना बताया आरोपी विशाल के कब्जे से एक सफेद कलर के थैला के अंदर रखे 41 नग कागज की पुड़िया में गांजा 190 ग्राम एवं प्लास्टिक की झिल्ली में रखे खुला गांजा 560 ग्राम व बिक्री रकम नगदी 1500 रूण् तथा पूजा कौर के पास से एक पीले कलर के थैला में कागज की पुड़िया में रखे गांजा 100 ग्राम एवं खुला गांजा 350 ग्राम एवं बिक्री रकम 1000 रुण् बरामद किया गया।

आरोपी विशाल से पदार्थ गांजा के सबंध में पूछताछ करने पर बताया कि इसके रिश्ते की बहन पूजा कौर कागज की पुड़िया बनाकर बेचने के लिये देती हैए जिसे घुमघुम कर गली मे थैला में रखकर प्रत्येक पुड़िया को 100 रूण् में बिक्री करना तथा बिक्री रकम को पूजा कौर में देना बताया। आरोपी पूजा कौर से पूछताछ करने पर उसने बताया कि लगभग 06 माह पहले एक ओडिशा के रहने वाले व्यक्ति से गांजा खरीदना बताया ।

# कांग्रेस व भाजपा के अध्यक्ष,पार्षद प्रत्याशियों ने भरा नामांकन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 29 जनवरी।** कांग्रेस एवं भाजपा दोनों पार्टी ने उतई नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद पद की फार्म भरे भाजपा ने विधायक ललित चंद्राकर तो कांग्रेस ने ताम्रध्वज साहू जी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती हीरा देवी वर्मा एवं सभी अधिकृत पार्षद प्रत्याशियों ने मिलकर उत्साह एवं भारी भीड़ के साथ भरा नामांकन पत्र नगर पंचायत उतई की अध्यक्ष श्रीमती हीरा देवी वर्मा एवं सभी कांग्रेस पार्टी के अधिकृत पार्षद प्रत्याशियों ने सर्वप्रथम बूढ़ा देव मंदिर में पूजा अर्चना कर रैली के साथ नामांकन केंद्र शासकीय महाविद्यालय उतई में जाकर नामांकन पत्र दाखिल किया आम नागरिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था सभी ने मिलकर एकजुट होकर सभी प्रत्याशियों को जीताने का संकल्प लिया इस दौरान पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जी रिसाली महापौर शशि सिन्हा रिसाली के सभी पार्षद, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, उपाध्यक्ष श्रीमती झमीत गायकवाड ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख सरपंच रोशन साहू गोवर्धन बारले वरिष्ठ जन भीष्म हिरवानी खुमान सिंह साहू जी अरुण वर्मा दिवाकर गायकवाड रिवेंद्र यादव जनार्दन साहू जी हितेंद्र काकड़े जी राधा वर्मा जी पूनम हिरवानी जी राधिका हीरवानी मुकेश साहू भावेश साहू अनेक संख्या में पुरुष महिलाएं एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगरीय निकाय चुनाव में ममता और सीताराम ने जीत का दावा किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कवर्धा, 29 जनवरी।** इंदौरी नगर पंचायत में जीत का दावा करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम साहू ने कहा की पंडरिया विधायक भावना बोहरा ओर भाजपा की डबल इंजन सरकार ने इंदौरी में चहुमुखी विकास की सौगात दी है जिससे युवा , किसान और सभी लोग खुश है और बीजेपी विकास के पक्ष में तत्पर रहती है और साथ ही लोगों की चाह है ट्रिपल इंजन की सरकार बने ताकि विकास की रफ्तार और तेज गति से बनी रही । भाजपा ने अच्छे कार्यकर्ताओं को कबीरधाम जिले में सभी नगरीय निकाय क्षेत्र में अध्यक्ष ओर पार्षद की टिकट दी है और एक बात तय है की कांग्रेस खाता नहीं खोल पाएगी । जिला पंचायत चुनाव में बीजेपी से बहुत सारे दावेदार है इस सवाल पर वरिष्ठ बीजेपी नेता सीताराम साहू ने कहा की भाजपा अच्छे ओर ईमानदार कार्यकर्ताओं को टिकट देगी और जिसे भी टिकट देगी उसे हम सभी मिलकर जिताएंगे । पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा की कबीरधाम जिले में सभी नगरीय निकाय चुनाव हम जीतेंगे क्योंकि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और अपराध लगातार बढ़ने से जनता दुखी है और सभी नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा हारेगी । इंदौरी नगर पंचायत बनाने वाली कांग्रेस ही है यह जनता जानती है और इंदौरी में इतिहास रचेंगे। जनता ने दबी जुबान से कहा की प्रत्याशी की छबि के साथ साथ बहुत सारे मुद्दे मन में है और अधिकतर जनता साइलेंट है । जिला निर्वाचन अधिकारी गोवल वर्मा के मार्गदर्शन में निर्वाचन टीम बहुत अच्छा वर्क कर रही है जिसकी तारीफ हो रही है । सुबह से ही चाय पीते पीते लोग चुनावी चर्चा में मशगूल दिखते है ।

## सेल शाबाश योजना के तहत नगर सेवाएं विभाग के 52 कर्मचारियों का सम्मान



**भिलाई, 29 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के 52 कर्मचारियों को उनके अभिनव प्रयासों के प्रोत्साहन के लिए, लॉन्च की गई सेल शाबाश योजना के तहत प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता के मुख्य आतिथ्य में नगर सेवाएं विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक तथा गैर-कार्यपालक सहित कुल 52 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक सुश्री जीएमवी पद्मिनी कुमार ने किया।

## आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

**भिलाई, 29 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जोन क्र. 03 पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने प्रातः 6 बजे आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंच गये। वहां पर कर्मचारियों की उपस्थिति उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का जांच किये। इसके साथ ही वार्ड 36 सूर्य नगर में जर्जर सुलभ शौचालय, साफ-सफाई, पानी व्यवस्था ठीक करने एवं वार्ड 30 प्रगति नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय का संधारण शीध्र कराने को कहे। आयुक्त पाण्डेय ने जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र के सुपेला शीतला तालाब, रामनगर मुक्तिधाम तालाब, नक्टा तालाब, सीमेंटीकरण सड़क निर्माण, शौचालय निर्माण आदि सभी जगह पहुंच कर साफ-सफाई, निर्माण, संधारण कार्यो को समय अवधि में पूरा करने के लिए जोन आयुक्त येशा लहरे को



निर्देशित किये। इसके साथ ही सभी तालाबो का सीमांकन राजस्व विभाग के सहयोग से समय अवधि में पूर्ण करने को कहे। जो लोग तालाबो के किनारे अतिक्रमण किये है, उन्हे हटाया जा सके। कुछ लोगो द्वारा तालाब के किनारे शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। तालाब की पैमाइश के बाद यह ज्ञात हो सकेगा, कि तालाब का पूरा क्षेत्रफल कितना है। अवैध कब्जाधारियो को नोटिस देकर हटाया जा सकेगा, उसी के आधार पर चैहददी निर्धारित हो जायेगी। यह भी ज्ञात हो जायेगा कि तालाब की लम्बाई चैंड़ाई कहां से कहां तक है, उसका बोर्ड लगाया जा सके। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, जोन सुपरवाईजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### टीवीएस शोरूम में उत्पात

**भिलाई।** भिलाई सुपेला थाना अंतर्गत दिनदहाड़े कुछ बदमाश टीवीएस शोरूम में हथियार लेकर घुस गये और कर्मचारियों और ग्राहकों के साथ गाली गलौज कर धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 296.3512 333ए 3;5 बीएनएस एवं धारा 25.27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रवि शर्मा पिता यू के शर्मा ;31 वर्षद्ध निवासी रिसाली सेक्टर एचएचसीएल कालोनी ईशान टीवीएस शोरूम में सेल्स मैनेजर का काम करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 जनवरी की शाम 4ण्30 बजे ईशान टीवीएस शोरूम में था।




## पीएमजीएसवाई कार्यालय में एसई ने किया ध्वजारोहण

**भिलाई, 29 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यालय में अधीक्षण अभियंता बीएस पटेल ने अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में गरिमामय ढंग से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान कर तिरंगे को सलामी दी गयी। अधीक्षण अभियंता बीएस पटेल ने अपने उद्बोधन में देश के शहीदों का स्मरण करते हुए लोगों को गणतंत्र पर्व की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता (आरईएस) श्रीमती भूमिजा पटेल, कार्यपालन यंत्री श्रीमती अल्का साहू एवं सहायक अभियंता नारायण कुमार साहू सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

## शौचालय मरम्मत के नाम पर लीपापोती से आयुक्त नाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली।** पुरैना वार्ड 40 में चल रहे शौचालय मरम्मत कार्य का आयुक्त मोनिका वर्मा ने निरीक्षण की। उन्होंने लीपा पोती कार्य और शिकायत मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा को निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर पहले गुणवत्ता देखे इसके बाद ही बिल प्रस्तुत करें। नगर पालिक निगम मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पुरैना के तीन वार्डो का आयुक्त मोनिका वर्मा ने निरीक्षण की। इस दौरान नागरिकों ने शिकायत की कि मरम्मत कार्य करने वाले ठेकेदार गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दे रहा है। गिरते प्लास्टर के ऊपर रंग रोगन किया है। इसी तरह सीट को भी नहीं बदल रहा है। छत के ऊपर स्टाल किए वाटर टैंक में ओवरफ्लो पाइप नहीं होने की वजह से छत में पानी जमा होकर सीपेज कर रहा है। निरीक्षण के दौरान मौके पर सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे। सार्वजनिक शौचालय देखने के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा अधिकारियों के साथ कचरा पृथक्करण केन्द्र पहुंची। उन्होंने बिना देरी किए एस.एल.आर.एम. में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने जाली लगाने के निर्देश दिए। वहीं नए पीट में गीला कचरा डाल खाद बनाने की प्रक्रिया को शुरू करने कहा। आयुक्त ने स्वच्छता दीदी को मास्क लगाकर कचरा छाटने कहा। आयुक्त मोनिका वर्मा मुक्तिधाम भी देखने पहुंची। उन्होंने मुक्तिधाम में केवल 2 प्लेटफार्म देख प्लेटफार्म को बढ़ाने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने शेड को मरम्मत कर अलग से लकड़ी रखने कक्ष बनाने प्रस्ताव शासन को भेजने कहा।

### नामांकन महारैली में उमड़ा जनसैलाब पाटन में भाजपा की प्रचंड जीत का प्रतीक

## नगर पंचायत पाटन के लिए भाजपा के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। नगरीय निकाय चुनाव के अंतिम दिन आज नगर पंचायत पाटन के भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश निक्की भाले एवं पार्षद प्रत्याशियों ने वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी पाटन कार्यालय में भाजपा पदाधिकारीयों, समर्थकों और नगरवासियों के साथ अपना नामांकन जमा किया। नामांकन रैली में सांसद विजय बघेल, प्रदेश प्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा, विधानसभा प्रभारी दिलीप साहू सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर जन आशीर्वाद के साथ नगर भ्रमण करते हुए नामांकन जमा किया। वरिष्ठ भाजपा नेताओं और सभी प्रत्याशीयों पाटन की आराध्य देवी माँ महामाया की पूजा अर्चना कर बाजे-गाजे एवं अतिशबाजी के साथ नामांकन रैली के साथ विजयी भाजपा का शंखनाद किए।



नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश निक्की भाले ने कहा कि यह पाटन की जनता का नामांकन महारैली है, यह केवल मेरा नहीं है, बल्कि नगर पंचायत पाटन के हर व्यक्ति का है, भाजपा के हर कार्यकर्ता का है, आपका है। आज पुरे पाटन नगर की जनता का आशीर्वाद और स्नेह पाकर में अभिभूत हूं। देवतुल्य जनता के इस आशीर्वाद और स्नेह के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। हम सब मिलकर पाटन के उन्नति, विकास और प्रगति के लिए जनभागीदारी के साथ काम करेंगे। मेरे जीवन का कण-कण और समय का क्षण-क्षण सदैव पाटनवासियों के लिए समर्पित है। संगठन द्वारा प्राप्त दायित्व पर हम सभी प्रत्याशी शत प्रतिशत खरा उतरेंगे।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा दिव्या कलिहारी,महामंत्री अखिलेश मिश्रा, हरीशंकर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, लोकमनी चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन कृष्णा भाले, मेहतर वर्मा, शरद बघेल, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, दामोदर चक्रधारी, गोवेर्धन बीजौरा, बाबा वर्मा, केशव बंछोर, प्रकाश बिजौरा,सागर सोनी, आदित्य पांडेय, हर्ष भाले, जगदीश मालपानी, खेमराज यदु,नीलकंठ देवांगन,मुरली देवांगन,लक्ष्मी भाले,सत्यनारायण पटेल,सरजू मरकाम,विनोद बाग,मोतीलाल मालेकर,गंगादीन साहू,संदीप मिश्रा,कीर्तन देवांगन,किशन पटेल,छबिश्याम देवांगन,कुणाल शर्मा,प्रकाश बिजौरा,बाबा वर्मा,सूरज वर्मा,मेहतरु पटेल,संजय भाले,पुरुषोत्तम पटेल,टेशराम साहू,नारद साहू,संजू देवांगन,लता भाले शांति देवांगन,टेश्वरी भाले,रेणुका बिजौरा,ईश्वरी भाले,रीना भाले,नारायण पटेल,लोकेश पटेल,खोमेश पेंडरिया त्रिलोक भाले,प्रकाश देवांगन,पोषण ठाकुर,राकेश पेंडरिया,अनुज पटेल,बीरेन्द्र वर्मा,कृष्णकांत वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।भाजपा के 15 पार्षद प्रत्याशीयों ने किया नामांकन जमा

चंद्रप्रकाश देवांगन, जितेंद्र कुमार निर्मलकर, निशा सोनी, नेहा वर्मा, थानसिंह कश्यप, सुप्रिया देवांगन, तारिणी बाई ठाकुर, राजकुमार देवांगन, रामकृष्ण बघेल, चिरंजीव देवांगन, केवलचंद देवांगन, अन्नपूर्णा पटेल, संगीता धुरंधर, राधिका कोसे, देवेंद्र कुमार ठाकुर ने पार्षद प्रत्याशी के रुप में अपना नामांकन जमा किया।

## संपादकीय

# ज्यादा नफरत से आदमी अंधा हो जाता है

समझदार लोग कह गए हैं कि अति किसी भी चीज की हो उससे आदमी को,परिवार को समाज को व राजनीतिक दल को भी नुकसान होता है। अति प्यार हो जाए तो जैसा नुकसान होता है,वैसे ही किसी आदमी या राजनीतिक दल किसी राजनीतिक दल को अति नफरत हो जाए तो भी उस राजनीतिक दल को बहुत नुकसान होता है, इतना ज्यादा नुकसान होता है कि उसकी भरपाई नहीं हो पाती है।अपूरणीय क्षति इसलिए होती है क्योंकि अति नफरत आदमी हो या राजनीतिक दल उसे अंधा बना देती है, उसे अपना फायदा नुकसान नहीं दिखता है। उसे अपने फायदे या नुकसान की परवाह नहीं होती है,उसका एक ही लक्ष्य होता है,उसका एक ही मकसद होता है कि जिससे नफरत है, उसका नुकसान होना चाहिए, चुनाव है तो चुनाव भले हम हार जाएं लेकिन उसको जीतने नहीं देना है। कांग्रेस वर्तमान में राहुल गांधी के सबसे बड़े नेता के रूप में सामने आने के बाद ऐसी ही राजनीतिक पार्टी बन कर रह गई है। दिल्ली में भी उसका आचरण यही है, माना जा रहा है कि केजरीवाल के दिल्ली में गठबंधन से इंकार कर देने के बाद शुरू में कांग्रेस ने यह जरूर दिखाया कि वह दिल्ली का चुनाव जीतने के लिए मजबूती से लड़ेगी। ऐसा माना जा रहा था कि कांग्रेस चुनाव जीते या हारे लेकिन वह अपनी स्थिति को दिल्ली में मजबूत करना चाहती है। क्योंकि उसकी स्थिति दिल्ली में सबसे खराब है। पहले नंबर पर आप है तो दूसरे नंबर पर भाजपा है। कांग्रेस तीसरे नंबर पर है, जो तीसरे नंबर पर होता है, जनता उसे सत्ता के लायक नहीं समझती है। कई राज्यों में कांग्रेस की यही स्थिति है, वह तीसरे नंबर पर है तो बरसों से तीसरे नंबर पर ही है, वह अपनी स्थिति को कई राज्यों में मजबूत कर ही नहीं पा रही है क्योंकि वह भाजपा से अति नफरत के कारण अपने फायदे व नुकसान के बार में सोच ही नहीं पा रही है। वह हर राज्य में कांग्रेस को मजबूत करने की जगह भाजपा को हराने की सोचती है और जो भी भाजपा को हरा सकता है, उसके साथ खड़ी हो जाती है। उसकी कोशिश तो यह होनी चाहिए कि जहां भी भाजपा मजबूत है,वहां पर अपनी स्थिति को मजबूत कर भाजपा को हराने के बारे में सोचना चाहिए। वह इस बात से खुश हो जाती है कि कई राज्यों में वह भाजपा को नहीं हरा पा रही है तो क्या हुआ विपक्ष या गठबंधन का कोई दल तो उसे हरा रहा है। उसे इस बात का कोई मलाल नहीं होता है कि राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते भाजपा को राज्य हो या केंद्र का चुनाव उसे भाजपा को हराना चाहिए।वह पिछले दो दशक से इसी बात से खुश है कि भाजपा को कई राज्यों में दूसरे दल हरा रहे हैं यही वजह है कि दो दशक में कांग्रेस जितनी कमजोर कई राज्यों सहित केंद्र में कमजोर हुई है,उतनी कमजोर कभी नहीं हुई थी। सब राजनीतिक दृष्टि से बड़े राज्य हैं। जैसे महाराष्ट्र, यूपी, बिहार, मप्र,बंगाल, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा। इन राज्यों में कांग्रेस की स्थिति यह हो गई है कि वह अकेले भाजपा को हरा नहीं सकती। उसे दूसरे दलों के मदद की जरूरत पड़ती है और दूसरे दलों के साथ मिलकर भी वह नहीं हरा पाती है। यहां भी सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण भाजपा को हराने के मिशन का नेतृत्व कांग्रेस को करना चाहिए तो यहां भाजपा को हराने के मिशन का नेतृत्व क्षेत्रीय दल करते हैं और कांग्रेस उनकी सहयोगी की भूमिका में होती है। दिल्ली में कांग्रेस की भूमिका भाजपा को हराने वाली पार्टी की होनी चाहिए थी क्योंकि केजरीवाल ने सत्ता कांग्रेस से 15 साल पहले छीनी थी, इसलिए केजरीवाल से सत्ता छीनने का प्रयास तो कांग्रेस को करना चाहिए था लेकिन वह भाजपा से अति नफरत के कारण दिल्ली में भी चुनाव जब कुछ दिन बचे हैं तो राहुल गांधी यही सोच रहे हैं कि यहां तो कांग्रेस जीतने से रही, भले केजरीवाल जीत जाए लेकिन भाजपा को नहीं जीतना चाहिए। भाजपा व पीएम मोदी से अति नफरत के कारण राहुल गांधी कांग्रेस के फायदे व नुकसान के बारे में सोच ही नहीं पा रहे हैं, वह पीएम मोदी के नफरत में इतने अंधे हो गए हैं कि वह देख नहीं पा रहे हैं कि कई राज्यों में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों की पिछलग्गू पार्टी बन कर रह गई है, वह जैसा चाहते हैं, कांग्रेस को वैसा ही करना पड़ता है, कांग्रेस को राजनीतिक वजूद कई राज्यो में नहीं के बराबर रह गया है, संगठन भी कमजोर होता जा रहा है, संगठन के नेता दूसरे दलों में चले गए हैं।पर राहुल गांधी को कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता होने के नाते जो फिक्र होनी थी,वह फिक्र उनकी बातों व व्यवहार में दिखती नहीं है। राहुल गांधी को पार्टी के फायदे नुकसान से ज्यादा पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की फिक्र रहती है। यही फिक्र अब दिल्ली में दिखाई दे रही है। शुरू में जरूर ऐसा लगा कि कांग्रेस दिल्ली में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और राहुल गांधी सहित प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे मजबूती से आप के खिलाफ प्रचार करेंगे। लेकिन राहुल गांधी ने एक सभा को संबोधित करने के बाद दिल्ली में कांग्रेस को जिताने के लिए कोई प्रचार नहीं किया है। राहुल गांधी की तबियत खराब है तो प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को तो दिल्ली में मजबूती से कांग्रेस को जिताने प्रचार करना चाहिए। वे दोनों सहित कांग्रेस के और बड़े नेता भी कई दिनों से खास सक्रिय नही है। इस आधार पर राजनीतिक हल्के में माना जा रहा है कि दिल्ली चुनाव के अंतिम दिनों में राहुल गांधी को इल्म हुआ है कि अगर वह मजबूती से चुनाव लड़ेगे तो दिल्ली विधानसभा चुनाव में केजरीवाल को हार जाएंगे और भाजपा जीत जाएगी। देश में केजरीवाल रो रोकर बताएंगे कि उनको तो कांग्रेस ने हराया है, भाजपा को जिताया है। यही आरोप राहुल गांधी को सबसे ज्यादा नागवार गुजरेगा इसलिए राहुल गांधी ने कांग्रेस दिल्ली में चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशियों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है कि तुम चुनाव जीत सकते हो जीत लो, हम तुम्हारे लिए कोई प्रचार करने नहीं आएंगे।पीएम मोदी व भाजपा से अति नफरत करने वाले राहुल गांधी को यह दिखाई नहीं दे रहा है कि यहां का संगठन केजरीवाल को हराना चाहता है, कांग्रेस को इस चुनाव में मजबूत करना चाहता है ताकि कभी वह सत्ता में वापसी का दावेदार बन सके। राहुल गांधी के कारण यहा भाजपा जीते या केजरीवाल जीते कांग्रेस तो कमजोर थी और कमजोर ही रहेगी। वह दिल्ली की जनता की नजर में केजरीवाल का विकल्प न पहले थी और न अब रहने वाली है,किसी भी सत्तारूढ़ दल का विकल्प तो जनता उसे मानती है जो दूसरे नंबर पर रहता है। जो तीसरे नंबर पर रहता है जनता उसे सत्ता के लायक नहीं समझती है।

गांधी निर्वाण दिवस -30 जनवरी


# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत

ललित गर्ग



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना। मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है। मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन



कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी मेक इन इंडिया का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं। हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हों तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है।

आज जबकि समूची दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी संघर्षरत लोगों के लिये गांधी का सत्याग्रह ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। पर्यावरणवादी हों या अपने विस्थापन के विरुद्ध लड़ रहे लोग, सबको गांधीजी से ही रोशनी मिल रही है। गांधी की अहिंसा से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त हो रहे हैं। समस्त समस्याओं का समाधान भी एक ही है, वह है-अहिंसा। अहिंसा व्यक्ति में वसुधैव कुटुम्बकम् की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए गांधी से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए अच्छी संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप कुछ नही कहेंगे। आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी, लेकिन आपको संतान को लेकर कोई महत्वपूर्ण डिसीजन लेने होंगे। आपको भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आप कहीं घूमने फिरने की योजना बना सकते हैं।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। सरकारी योजनाओं का भी आपका पूरा लाभ मिलेगा। आपके धन धान्य में वृद्धि होगी। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए मदद के लिए भी आगे आएंगे। दान और धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे, जिससे आपके काफी काम लटक सकते हैं। धन संबंधित मामलों पर आपको पूरा ध्यान देना होगा।

**मिथुन-** मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आप कामों को लेकर कुछ विशेष व्यक्तियों से मिल सकते हैं। आपको किसी परिजन से धोखा मिलने से आपका मन परेशान रहेगा। माता-पिता की सेवा में आप दिन का काफी समय व्यतीत करेंगे। आपको इधर-उधर की बातों में आने से बचना होगा। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। कोई नया काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको धन लाभ मिलने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको ईषालु व झगड़ालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपने मन में ईष्या की भावना ना रखें। आपकी इनकम करने से खुशी होगी। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आपको उसे कल पर टालने से बचना होगा।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आप अपने परिवार में जिम्मेदारियों को मिल बैठकर दूर करें, तो यह आपके लिए बेहतर रहेगा। आपका मान सम्मान बढ़ने से खुशी होगी। सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आपको टेंशन अधिक रहेगी। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारीयों पर भी पूरा ध्यान देंगे। रोजगार को लेकर भटक रहे लोगों को कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध बेहतर रहेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने सहकारियों का पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको अपने किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी से यदि संबंधों में कोई लड़ाई झगड़ा चल रहा था, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगा। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपके कुछ प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों से यदि संबंधों में कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। पैतृक संपत्ति की आपको प्राप्ति होने से आपके मन में खुशी बनी रहेगी। बिजनेस में आप कुछ नई योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। राजनीतिक क्षेत्रों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। भविष्य को लेकर आप योजना बनाएंगे और आपको रुका हुआ धन मिलने से आपको खुशी होगी। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। आप किसी नए वाहन को घर लेकर आ सकते हैं। आपकी संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला दिलाने की इच्छा पूरी होगी।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपके शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा। आप यदि किसी संपत्ति का सौदा करने जा रहे हैं, तो उसमें स्वाधीनता से जांच लें। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको आसपास रह रहे शत्रुओं से सावधान रहना होगा।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए प्रेम और सहयोग की भावना बनाए रखने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों को यदि कामों को लेकर कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी दूर होगी। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आप इधर-उधर के कामों पर ज्यादा ध्यान ना लगाएं। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। पारिवारिक समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको संतान को कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। माता जी के स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं से भी आपको राहत मिलेगी। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको बिजनेस में भी अकस्मात धन लाभ मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप भविष्य को लेकर कोई प्लानिंग कर सकते हैं।

## गणतंत्र या रणतंत्र

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



वंदेमातरम गीत में भारत की संप्रुभता को विद्या, धर्म, हृदय, मर्म, प्राण, शरीर, शक्ति, भक्ति तथा मंदिर के रूप में पूजा गया है। और इस पंक्ति को लिखते समय या आपके पढ़ते समय कहीं न कहीं इसका खंडन भी हो रहा होगा। यही तो हमारे संविधान की खूबसूरती है। पता है, यह खूबसूरती किसने प्रदान किया, जी हाँ अपने ठीक पहचाना। हमारे गणतंत्र दिवस ने। हम सभी जानते हैं कि प्रतिवर्ष 26 जनवरी को भारत में गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। बाकी दिनों में गण को अपने-अपने ढंग से परिभाषित करते रहते हैं। इतने वर्षों के बावजूद भी कइयों को यह समझ नहीं आया और कइयों को चुटकी बजाते दाल-भात का कौर माफि क आसान लगा। यही तो खूबसूरती है हमारे गणतंत्र की। वास्तव में गणतंत्र दिवस तो उस शरीर के समान है जो संविधान की आत्मा के बिना निस्तेज है। इसलिए आए दिन हम बदन और आत्मा को अलग-अलग करने के नए-नूतन प्रयोग करते रहते हैं। कुछ बार सफल तो कुछ बार भारत की क्रिकेट टीम या सेना पाकिस्तान पर जीतकर हमारा गणतंत्र का हिस्सा बनाए रखती है। हमारी गणतंत्रता हजारों जातियों, भाषाओं और सभी धर्मों के लिए कोई सामान्य जिम्मेदारी नहीं थी। इसीलिए तो आए दिन इसी के नाम पर मरने-मारने पर तुले रहते हैं। डॉ. अंबेडकर ने संविधान का मसौदा तैयार किया, समीक्षा की और दिन-रात संविधान का मसौदा तैयार किया। संविधान सभा ने 2 साल, 11 महीने, 17 दिन की बहस का आयोजन किया। कुल 7600 संशोधन निर्धारित किए गए थे। 2473 संशोधन पर चर्चा हुई। इसे 6 महीने के लिए सार्वजनिक चर्चा के लिए छोड़ दिया गया था। सुझावों को संशोधित किया गया। 30 जुलाई, 1948 से शुरू हुए दूसरे लंबे संवैधानिक सत्र के दौरान इस मसौदे को दूसरी बार पढ़ा गया था। लेकिन यह भुला दिया गया कि संविधान की भाषा अब भी सामान्यों से बहुत दूर है। संविधान की भाषा में जिन शब्दों का प्रयोग किया गया है मानो उसका प्रयोग कोई देवी-देवता या असामान्य कहलाने वाले मनुष्य ही करते होंगे। यह देश का दुर्भाग्य नहीं तो और क्या है पीएच.डी. की पढ़ाई करने वालों तक के पल्ले नहीं पड़ता। आज भी यह अंधों के बीच हाथी सा पैर जमाए बैठा है। जिसकी जैसी मर्जी हुई वैसा उसे परिभाषित किया। भारत विश ?व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है जिसमें बहुरंगी विविधता और समृद्ध सां?कृतिक विरासत है। इसे बचाए रखने के लिए संविधान का निर्माण किया गया। किंतु संविधान को बचाए रखने के लिए जिनको जिम्मेदार बनाया गया या तो वे एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं या फिर एक-दूसरे का विरोध। शायद हमारे गणतंत्र की खूबसूरती यही है। इसी को भिन्नता में एकता कहा गया है। एक ओर किसान आंदोलन चलता है, फिर भी देश गणतंत्र है। एक ओर कोरोना के नियम प्रवासी मजदूरों पर लागू होते हैं और चुनाव के समय भंग कर दिए जाते हैं क्योंकि देश गणतंत्र है। रातोंरात नींद से गवर्नर को उठाकर चोरी-छिपे सरकार बना दी जाती है, क्योंकि देश गणतंत्र है। करोड़ों नौकरियों के वादे करके चुनाव जीत लिए जाते हैं और बाद में उसे पूरा करने से मुकर जाते हैं, क्योंकि देश गणतंत्र है। अबला के साथ बलात्कार होता है और प्रशासन के द्वारा रातोंरात पेट्रोल छिड़ककर जला दिया जाता है क्योंकि देश गणतंत्र है। सच्चाई तो यही है कि 26 जनवरी 1950 को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी के साथ ध्वजारोहण कर भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया। वह तोप अब भी चलते हैं। लेकिन अलग-अलग मुँह के। अलग-अलग मकसद के। यह भारत का गणतंत्र है। इसे जो जैसा देखता है, उसे यह वैसा दिखायी देता है। ऐसे महान दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश तो बनता है न यार!




## विश्लेषण

# इबादत के दुश्मन ये संकीर्ण व रुग्ण मानसिकता के लोग

निर्मल रानी



जिस समय अबू धाबी में स्वामीनारायण मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गत वर्ष 14 फरवरी 2024 को किया गया था उस समय भारतीय मीडिया में इसकी जोरदार चर्चा हुई थी। अबू धाबी में 27 एकड़ जमीन पर बने इस पहले एवं विशाल हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में 42 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस मंदिर के निर्माण हेतु 13.5 एकड़ जमीन अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद ने वर्ष 2015 में बीएपीएस संस्था को दान स्वरूप भेंट की थी। गौरतलब है कि संयुक्त अरब अमीरात में लगभग 26 लाख भारतीय रहते हैं जो वहां की कुल जनसँख्या का लगभग 30% हिस्सा है। इससे पहले दुबई में भगवान शिव व भगवान कृष्ण के दो अलग अलग मंदिर और एक गुरुद्वारा तथा अबू धाबी में एक चर्च पहले से मौजूद थे परन्तु यहाँ कोई मंदिर नहीं था। हालाँकि अबू धाबी में निर्मित हुये इस विराट व भव्य मंदिर के निर्माण के बाद यह प्रचारित करने की कोशिश की गयी कि यह अरब जगत में निर्मित पहला हिंदू मंदिर है परन्तु यह सच्चाई से कोसों दूर गोदी मीडिया द्वारा सत्ता की चापलूसी के लिये गढ़ा गया एक नरेटिव मात्र था। क्योंकि बहरीन की राजधानी मनामा में सिंधी हिंदू समुदाय का श्रीनाथजी का मंदिर एक सदी से भी अधिक पुराना है। पड़ोसी देश सऊदी अरब में रहने और काम करने वाले हिंदू भी पवित्र अवसरों पर इस मंदिर में पूजा-पाठ करने आते हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में 125 वर्ष प्राचीन मोतीश्वर मंदिर भगवान शंकर का मंदिर हैं। जबकि मस्कट के ही रुवी में 150 साल पुराना कृष्ण-विष्णु मंदिर भी है। इस मंदिर को ओमान के सुल्तान ने ओमान में बसे गुजराती हिन्दू समुदाय के लिए मित्रता के प्रतीक के रूप में निर्मित कराया था। इसके अलावा भी दुबई में संपन्न भारतीय समुदाय में दक्षिण भारतीयों के अलावा सिंधी, मराठी, गुजराती, पंजाबी और करीब सभी प्रमुख धर्मों के कई दशकों पुराने अनेक धार्मिक स्थान हैं। यहाँ इन्हीं मंदिरों में ही पूजा अर्चना,हवन यज्ञ धर्म व आध्यात्मिक से जुड़े समारोह, उत्सव व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि दुबई और उसके आसपास के कुछ शहरों और खाड़ी के अन्य हिस्से में दिवाली की रात ठीक उसी तरह की रोशन होती है, जैसे भारत में होती है। यह तो उन इस्लामिक देशों में मंदिरों की स्थिति है जहाँ मूर्ति पूजा प्रतिबंधित मानी जाती है परन्तु केवल धार्मिक सौहार्द व सम्मान के कारण अरब जगत के कई देश धार्मिक सहिष्णुता का परिचय देते हुये एक दूसरे की धार्मिक मान्यताओं व परंपराओं का आदर व सत्कार करते हैं। निश्चित रूप से जब भारतीय समाज ऐसी खबरों से बाखबर होता है तो उसे बेहद खुशी होती है। परन्तु ठीक इसके विपरीत हमारे देश में असहिष्णुता का दिनोंदिन बढ़ता सिलसिला हमारे लिये शर्मिन्दिगी का सबब बनता जा रहा है। यदि हम अरब देशों में मंदिरों के निर्माण पर खुश हो सकते हैं। जब हम बांग्लादेश,पाकिस्तान या अफगानिस्तान जैसे देशों में मंदिर गुरुद्वारों व चर्चों पर होने वाले हमलों पर




क्रोधित होते हैं तो हमें स्वयं सौहार्द की मिसाल पेश कर दुनिया के सामने सहिष्णुता व सद्भाव का एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिये। परन्तु यहाँ तो सत्ता के संरक्षण में स्थिति दिन प्रतिदिन कुछ और ही होती जा रही है। गुजरात से शुरू हुआ धार्मिक असहिष्णुता का यह घिनौना खेल अब उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,हरियाणा,राजस्थान,उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों तक जा पहुंचा है। कहीं मस्जिदों में नमाज अदा करने से रोका जा रहा है तो कहीं अपने घरों में ही नमाज पढ़ने पर पाबन्दी लगा दी गयी है। जुमे के दिन गुड़गांव जैसे बड़े शहर में पार्कों या खुले स्थानों पर शांतिपूर्वक नमाज पढ़ने वालों का कई बार विरोध हो चुका है। हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों में चर्चों पर भी हमले होते रहते हैं। मस्जिदों के इमामों की हत्यायें व उनपर हमले होते रहते हैं। कहीं मस्जिद पर भगवा फहराया जाता है तो कहीं पीर फकीरों की मजारों या दरगाहों को हिंसा व उपद्रव का निशाना बनाया जाता है। आज हमारे देश में ऐतिहासिक प्रमाणिकता के साथ ऐसे सैकड़ों गैर मुस्लिम धर्मस्थान मिल जायेंगे जिसके लिये मुस्लिमों द्वारा जमीन दान में दी गयी हैं। आज जहां एक ओर तो हमारे देश में सूफी फकीरों से जुड़े अनेक आस्तानों का संचालन गैर मुस्लिमों द्वारा पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ किया जा रहा है। नानक,कबीर,फरीद,बुल्ले शाह,खुसरु,निजाम,चिश्ती,रहीम रसखान और जायसी जैसे संतों व समाज सुधारकों की 'सर्व धर्म समभाव ' की मानवीयता पूर्ण विरासत को संजोकर रखने की कोशिश की जा रही है वहीं साम्प्रदायिकता की शह पाये कुछ लोग इस भारतीय परंपरा और विरासत को छिन्न भिन्न करने की पुरजोर कोशिश में लगे हुये हैं। यही संकीर्ण मानसिकता के लोग दूसरे समुदाय के लोगों के खान पान पर नजरें रखते हैं। उनकी रसोई में क्या बना है इसमें इनकी पूरी दिलचस्पी है। दूसरों के पहनावे पर एतराज, धार्मिक आयोजनों पर आपत्ति , नफरत की हद तो यह कि इन्हें मुसलमानों के मकान खरीदने या किराये पर लेने पर भी आपत्ति होती है। इनके रोजगार से नफरत,इनके व्यवसायिक बहिष्कार की कोशिशें,और हद तो यह हो गयी कि एक मुस्लिम बच्चे द्वारा मंदिर के प्याऊ से पानी पीने का विरोध करने व उसकी पिटाई का समर्थन करने वाले मंदिर का महामंडलेश्वर आज हिन्दू धर्म का आइकॉन बन चुका है ? कहाँ चली गयी है हमारी इंसानियत?आखिर किस युग में जी रहे हैं हम ?

इन दिनों इलाहाबाद (प्रयागराज ) में कुंभ का विराट आयोजन चल रहा है। देश के लिये निश्चित रूप से यह एक गौरवपूर्ण आयोजन है। परन्तु दुःख का विषय है कि इस आयोजन में भी अनेक मंचों का प्रयोग साम्प्रदियकता फैलाने व धर्म विशेष के प्रति नफरत भड़काने के लिये किया गया। केवल छुटभैय्ये नेताओं द्वारा ही नहीं बल्कि शासन से जुड़े जिम्मेदार नेताओं द्वारा वैमनस्य पूर्ण बातें की गयीं। परन्तु सुखद यह है कि इसी कुंभ में अनेकानेक मानवतावादी संत व प्रचारक ऐसे भी थे जिन्होंने परस्पर सौहार्द,एकता व भाईचारे का सन्देश दिया। अन्यथा संकीर्ण व रुग्ण मानसिकता के यह लोग जो इबादत के दुश्मन बने बैठे हैं उनसे मानवीयता की क्या उम्मीद की जा सकती है ?

# कांग्रेस की नामांकन रैली शामिल हुए शहर के लोग

## बड़े झाड़ की जंगल का दंश झेल रहे नगरवासीयों की समस्या को सुलझाना हमरी पहली प्राथमिकता: प्रेमन स्वर्णबेर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 29 जनवरी।** नगरी निकाय चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस पार्टी के द्वारा अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों के लिए एक भव्य और ऐतिहासिक नामांकन रैली का आयोजन किया। यह रैली न केवल पार्टी के लिए जनसमर्थन और उत्साह का प्रतीक बने,बल्कि नगरवासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर यह संदेश दिया कि कांग्रेस ही उनके विश्वास और आशाओं का केंद्र है। पूरे नगर में रैली के दौरान जोश, उत्साह और समर्थन का ऐसा वातावरण था, जिसे शब्दों में बयां करना कठिन है।

रैली की शुरुआत राजा बाड़ा दंतेश्वरी मंदिर से हुई, जहां हर वार्ड से नगरवासियों ने स्वेच्छा से भाग लिया। रैली में सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम अध्यक्ष प्रत्याशी प्रेमन स्वर्णबेर कांग्रेस के वरिष्ठ भानेंद ठाकुर भूषण साहू सचिन भंसाली भरत निर्मलकर के नेतृत्व और विचारों से रैली को गरिमा प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में कांग्रेस की विकासोन्मुख नीतियों और पारदर्शी प्रशासन पर प्रकाश डालते हुए जनता से एकजुट रहने की अपील की। पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी प्रेमन स्वर्णबेर ने अपने भावपूर्ण संबोधन में कहा, ÷आप सभी का यह उत्साह और समर्थन हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। नगर की जंगलपारा में जो पिछले 50 वर्षों से बड़े झाड़ के जंगल का पीड़ा झेल रहे हैं उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा,कांग्रेस का हर प्रत्याशी आपके विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेगा। और नगर का विकास और जनसेवा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।÷



पार्षद प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड के नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वे हर समस्या का समाधान करेंगे और नगर को एक आदर्श नगर पंचायत के रूप में स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

रैली में नगरवासियों की भारी उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि कांग्रेस ने नगरवासियों के दिलों में अपनी गहरी छाप छोड़ी है। विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि यह चुनाव केवल विकास का नहीं, बल्कि विश्वास, एकता और समर्पण का प्रतीक है। नगरी की जनता ने आज जो समर्थन दिखाया है, वह कांग्रेस की विजय का आधार बनेगा। हम हर गली और हर घर की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे जनता को यह विश्वास दिलाया कि पार्टी के नेतृत्व में नगर का समग्र विकास जारी रहेगा। रैली का समापन तहसील कार्यालय में हुआ, जहां अध्यक्ष प्रत्याशी और सभी पार्षद प्रत्याशियों ने उत्साहपूर्वक अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

# अध्यक्ष पद के लिए नपा सुकमा में 4 तो नपं दोरनापाल में 3 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुकमा जिले के नगरीय निकायों में पार्षद और अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी मंगलवार निर्धारित की गई थी। नगरीय निकाय में आम निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों ने उत्साह के साथ निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन प्रत्र दाखिल किया।



### अध्यक्ष पद के दावेदार

नगरपालिका सुकमा में अध्यक्ष पद के लिए 4 तो नगर पंचायत दोरनापाल में अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। उल्लेखनीय है नगर पालिका सुकमा में अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति (मुक्त) वर्ग के लिए आरक्षित है तो वहीं नगर पंचायत दोरनापाल में अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है।

### पार्षद पद के लिए भरा नामांकन पत्र

नगर पालिका परिषद सुकमा में अंतिम तिथि तक वार्ड पार्षद के 15 पदों के लिए 60 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इसी प्रकार नगर पंचायत दोरनापाल में वार्ड पार्षद के 15 पदों के लिए कुल 34 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। इसी के साथ मंगलवार को नगरीय निकाय निर्वाचन में अभ्यर्थियों के नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई।

# जगदलपुर में मलकीत सिंह गैदु ने भरा नामांकन

■ हजारों कार्यकर्ताओं व शहरवासियों के साथ निकली रैली,मिलेगा ऐतिहासिक जनादेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 29 जनवरी।** आज नगर निगम महापौर प्रत्याशी के रूप में जगदलपुर से मलकीत सिंह गैदु ने शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रदेश कांग्रेस सचिव शंकर राव, मिथलेश स्वर्णकार,पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा, रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया साथ ही समस्त पार्षद प्रत्याशीयों ने अपना नामांकन भरा नामांकन करने से पहले से रैली निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और लोग मौजूद रहे।इस दौरान बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य,प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव शंकर राव, पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा,मिथलेश स्वर्णकार, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल सहित वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मौजूद थे।



## अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कार्रवाई

**राजनांदगावं 29 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में अगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में शांति एवं एवं कानून व्यवस्था बनाने रखते हेतु जिले अवैध शराब बिक्री व असामजिक तत्वों, गुण्डा बदमाशो व सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले के विरूद्ध अभियान कार्यवाही चलाया जा रहा है, अभियान कार्यवाही दौरान दिनांक 28.01.2025 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम सोमनी में जितेन्द्र पाण्डे एवं ज्वाला साहू द्वारा पंचायत चुनाव में मतदातों को प्रलोभन देने के उददेश्य से अवैध रूप से शराब का खेप छिपाकर अपने घर में रखा है।

## पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को 12 घंटे में ही तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया

**किरन्दुल 29 जनवरी।** प्रार्थिया द्वारा थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष दिनांक 22/01/2025 को अपने पुस्तक का फोटो कापी कराने जा रही हूं बोलकर रात्रि करीबन 08.45 बजे निकली थी जो देर रात तक घर नहीं आने से प्रार्थिया द्वारा अपनी पुत्री के सहपाठियों व आसपास पूछताछ कर पता तलाश किया कोई पता नहीं चलने से दिनाँक 23.01.2025 के 14.52 बजे थाना किरन्दुल में रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना किरन्दुल में गुम इंसान क्रमांक 02/2025 तथा अपराध क्रमांक 06/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दन्तेवाडा श्री गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर के बर्मन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल श्री कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में निरीक्षक थाना प्रभारी प्रहलाद साहू द्वारा तत्काल उप निरीक्षक गोल्डी भारद्वाज, लीला गंगबेर, अजय तेलम की टीम गठित कर पता तलाश किया जाने लगा। पता तलाश दौरान बस संचालकों, रेलवे पुलिस व सायबर सेल दंतेवाड़ा के माध्यम से नाबालिक बालिका की पता तलाश किया गया, गुम नाबालिग बालिका दिनाँक 22.01.025 को रात्रि करीबन 10.00 बजे बस में बैठकर किरन्दुल से रायपुर जाना पता चलने व रायपुर से दिल्ली जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस से सफर करने की जानकारी होने पर तत्काल ट्रेन का लोकेशन प्राप्त कर सभी स्टेशनों से संपर्क करते हुए झांसी रेल्वे स्टेशन में रेलवे पुलिस से संपर्क कर रिपोर्ट दर्ज होने के मात्र 12 घंटे में गुम बालिका को ट्रेन से बरामद करवाकर वन स्टाफ सखी सेंटर झांसी में रखवाया गया।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में की गई वृद्धि

**उत्तर बस्तर कांकेर,29 जनवरी।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जिले में संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनके लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं उच्चतर) के आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है, जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि में वृद्धि करते हुए नवीन एवं नवीनीकरण हेतु 17 फरवरी निर्धारित की गई है। वहीं ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 28 फरवरी और स्वीकृति आदेश लॉक करने के लिए 20 मार्च 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा एवं ड्राफ्ट प्रस्ताव एवं स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

## देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 600 खिलाड़ियों ने लिया था भाग

# नेशनल पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में अंजू सिंह ने जीता स्वर्णपदक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 जनवरी।** इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित आल इंडिया नेशनल पावरलिफ्टिंग कम्पिटिशन चौंपियनशिप का आयोजन दिनांक 18 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक दल्ली राजहरा में आयोजित किया गया। जिसमे देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव पुलिस विभाग से श्री राकेश सिंह, सहायक सेनानी, 8 वी वाहिनी तथा महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह, महिला प्रकोष्ठ राजनांदगांव प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। जिसमें सहायक सेनानी राकेश सिंह ने 83 किलो ग्राम वेट कैटेगरी के मास्टर 2 वर्ग में कुल 485 किलो ग्राम वजन उठाकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया, तथा महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह 76 किलो ग्राम वेट कैटेगरी के सीनियर वर्ग तथा मास्टर 1 वर्ग दोनों वर्गों में 355 किलो ग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया साथ ही उन्हें ''स्ट्रोंग वॉमेन ऑफ दा इंडिया'' का टाईटल भी प्रदान किया गया। पुलिस विभाग से खेलते हुए इन खिलाड़ियों की इस विशिष्ट उपलब्धि पर राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने उन्हें अपने कार्यालय में सम्मानित किया गया। तथा उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर आने वाले दिनों में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा जिम के संचालक श्री अमित अजवानी उपस्थित थे।



## एक नजर

### स्कूलों में प्री-बोर्ड का निरीक्षण कर बच्चों को निरंतर अभ्यास करवाने के दिए निर्देश

**जगदलपुर 29 जनवरी।** कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में डीएमसी श्री अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में निरीक्षण दल द्वारा सोमवार को बकावंड विकासखण्ड अंतर्गत मोहलई, गारेंगा, टुण्डरीआमा इत्यादि विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही प्री-बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण कर इन परीक्षाओं को व्यवस्थित ढंग से संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं शिक्षकों को डेली डायरी भरने के लिए समझाइश दी गई एवं ब्लूप्रिंट के हिसाब से बच्चों के लिए अभ्यास तैयार करने के लिए कहा गया। इस दौरान बच्चों से चर्चा की गई एवं उन्हें प्रति दिन 2 से 3 घंटे लिखने का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को इस बात के लिए भी बताया गया कि वे सभी प्रश्नों को जरूर हल करें। प्रधान अध्यापकों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में कार्य की गति को भी ठीक रखने और शैक्षणिक कैलेंडर का समुचित उपयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान बीआरसी श्री सोनसिंह बघेल तथा सम्बन्धित संकुल समन्वयक गण मौजूद रहे।

### पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों को दिया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**जगदलपुर 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में स्थानीय एक निजी शैक्षणिक संस्थान में मंगलवार को आयोजित प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान दलों के मतदान अधिकारी-एक को मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए इन पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को मतदान तथा मतगणना के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही उनके शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को

**उत्तर बस्तर कांकेर, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक भर्ती परीक्षा 09 फरवरी को दो पालियों में पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक प्रथम पाली तथा अपरान्ह 03 बजे से शाम 05 बजे तक द्वितीय पाली में परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में जिले के 4431 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महोदव क्षीरसागर द्वारा परीक्षा का सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा श्री लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में 16 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर कांकेर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, पीएमश्री शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय महिला आईटीआई कांकेर, डाईट कांकेर तथा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा शामिल हैं। इसी प्रकार शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट तथा शासकीय कन्या हॉस्टल हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल गढ़पिछवाड़ी, शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा, पैराडाईज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा, कृषि एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल आतुरगांव और शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिदेसर कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### चेन्नई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉक्टरों ने दिये व्याख्यान, मिला अवार्ड

**रायपुर 29 जनवरी।** चेन्नई में आयोजित रेडियोलॉजी की 23वीं एशियाई महासागरीय कांग्रेस और भारतीय रेडियोलॉजिकल और इमेजिंग एसोसिएशन के 77वें वार्षिक सम्मेलन में पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉक्टरों एवं रेजिडेंट्स ने हिस्सा लेकर चिकित्सा महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इंटरनेशनल कांफ्रेंस में विभाग के डॉक्टरों का यह गरिमामय प्रतिनिधित्व डीन डॉ. विवेक चौधरी, अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर और विभागाध्यक्ष डॉ. एसबीएस नेताम के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दो संकायों, 3 मौखिक शोध पत्रों और 9 पोस्टर प्रस्तुति के साथ हुआ। रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉ.आनंद जायसवाल ने इनफर्टिलिटी ÷ओव्यूलेशन और कार्यान्वियन में कलर डॉपलर की भूमिका पर वैज्ञानिक सत्र में व्याख्यान दिया। आईआरईपी के राष्ट्रीय सीएमई के सफल आयोजन के लिए डॉ. आनंद जायसवाल को पुरुस्कृत किया गया।

### ढोडिया में भक्त गुहा निषाद जंयती मनाई

**राजनांदगांव 29 जनवरी।** समीपस्थल ग्राम ढोडिया में केंवट निषाद समाज द्वारा आयोजित भक्त गुहा निषाद जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गांव में राम भक्त गुहा निषाद जंयती अवसर पर गली भ्रमण कर कलस यात्रा निकालकर कर निषाद समाज भवन के पास सत्य नारायण कथा आयोजन किया गया कार्यक्रम मुख्य अतिथि मघुबाला अंगेशवर देशमुख जिला पंचायत प्रत्याशी अध्यक्षता रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य विशेष अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य दिललु साहु सरपंच अतिथि में आयोजित किया गया अतिथियों ने रामभक्त गुहा निषाद जंयती अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी श्रगेशसरपुर राजा गुहा निषाद जी राम जी को चौदह वर्ष वर्ष वनवास अवसर पर राजा गुहा निषाद राज नकटा केंवट ने चरण प्रकार कर डोगा में गंगा पार कराया समाज के पदाधिकारियों ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

## समाचार संक्षेप

### निकाय और पंचायत चुनावों के लिए मीडिया प्रकोष्ठ का किया गठन

**सुकमा 29 जनवरी।** छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25, जिला सुकमा में अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण एवं निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज के प्रभावी एवं अनुवीक्षण व क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तर पर पेड न्यूज के प्रभावी अनुवीक्षण हेतु श्री सुखसागर वारे, सहायक सूचना अधिकारी, जिला जनसंपर्क कार्यालय सुकमा को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए श्री जितेन्द्र बघेल, बाल संरक्षण अधिकारी को सहायक नोडल और न्यूज़18 के संवाददाता श्री सतीश चांडक को सदस्य नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में सभी प्रकार के मीडिया तथा समाचार पत्र, प्रिंट मीडिया, ईलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, इंटरनेट, सोशल मीडिया इत्यादि की निगरानी मीडिया प्रकोष्ठ के माध्यम से की जाएगी।

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत सचिव पाथरी निलंबित

**जगदलपुर 29 जनवरी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर श्री प्रतीक जैन द्वारा विकासखण्ड बकावंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरी के ग्राम पंचायत सचिव श्री लखीराम देवांगन को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त सम्बंध में जारी आदेश के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बकावण्ड के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत पाथरी के सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारियों के द्वारा की गई शिकायत के आधार पर श्री लखीराम देवांगन सचिव ग्राम पंचायत पाथरी द्वारा अपने मुख्यालय में नहीं रहकर ग्राम पंचायत पाथरी से काफी दूरी में स्थित ग्राम पंचायत तोंगकोंगेरा में निवास किया जाता है और पिछले छः माह से कुछ ही दिन ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्य किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बकावण्ड द्वारा दूरभाष से संपर्क करने का प्रयास करने पर श्री लखीराम देवांगन सचिव ग्राम पंचायत पाथरी द्वारा मोबाईल स्वीच ऑफ रखना और कई दिनों तक फोन नहीं उठाया जाना ग्राम पंचायत के विकास एवं जनहित के कार्यों में कोई रूचि नहीं लेने सहित योजनाओं से सम्बंधित सर्वे कार्य में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बकावण्ड के द्वारा सर्वे कार्य हेतु आदेशित किये जाने के उपरान्त भी ग्राम पंचायत सचिव श्री देवांगन द्वारा ग्राम पंचायत पाथरी में अपनी उपस्थिति नहीं दिए जाने, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा ग्राम सभा की बैठकों, आयुष्मान कार्ड के शिविर में उपस्थित नहीं होने के फलस्वरूप श्री लखीराम देवांगन सचिव ग्राम पंचायत पाथरी जनपद् पंचायत, बकावण्ड को उच्चाधिकारियों के आदेश एवं निर्देशों की अवहेलना करने सहित अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत् ग्राम पंचायत सचिव के विहित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के कारण श्री लखीराम देवांगन सचिव ग्राम पंचायत पाथरी जनपद पंचायत बकावण्ड को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री लखीराम देवांगन सचिव ग्राम पंचायत पाथरी जनपद पंचायत बकावण्ड का मुख्यालय कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बकावण्ड निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में सम्बन्धित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### गणतंत्र दिवस पर आयोजित शिविरों में 144 यूनिट रक्तदान किया लोगो ने

**रायपुर 29 जनवरी।** मॉडल ब्लड बैंक, पैथोलॉजी विभाग चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के तकनीकी सहयोग से अग्रवाल सभा छत्तीसगढ़ और मानव सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को मरीन ड्राईव, तेलीबांधा में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वस्फूर्त होकर 110 युवा स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्दान किया। इसी दिन मॉडल ब्लड बैंक ने एक दूसरा रक्तदान शिविर एफ.सी.सी., लाखेनगर चौक में भी आयोजित किया, जिसमें 34 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह रक्त अम्बेडकर अस्पताल में थैलेसिमिया और सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क व अन्य जरूरतमंद मरीजों को 24 घंटे उपलब्ध कराया जाता है। इस अवसर पर पैथोलॉजी के विभागाध्यक्ष, डॉ. अरविन्द नेरल ने रक्तदान की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि रक्तदान करना शारीरिक रूप से बहुत सुरक्षित प्रक्रिया है, जिससे हम 3 से 4 मरीजों के जान बचाने की मानसिक संतुष्टि हासिल कर सकते हैं, जो अनमोल है। उन्हो शिविर स्थल पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया। ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अमित भारद्वाज ने बताया कि ऐसे शिविर आयोजित करने के लिये उनसे संपर्क किया जा सकता है ताकि न सिर्फ ब्लड बैंक में बल्कि दूरस्थ अन्यत्र क्षेत्रों में भी मोबाईल ब्लड बैंक वाहन से रक्तदान शिविर आयोजित किये जा सकते हैं। इस शिविर के सफल आयोजन में डॉ. अविरल मिश्रा, डॉ. संध्या वर्मा, डॉ. सोनल चन्द्राकर और प्रेम बिरला के अलावा ब्लड बैंक के तकनीकी कर्मचारियों का सहयोग रहा है।



**जगदलपुर 29 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी से महापौर के प्रत्याशी सुबह से निकल पड़े है प्रचार में। शहिद पार्क के सामने चाय ठेला में पहुंचे है संजय पांडे।

एक नजर

## वार्ड नंबर- 9 से डिग्रीलाल ने ठोकी ताल



**खरसिया,29 जनवरी।** सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहने वाले पत्रकार डिग्रीलाल जगत ने वार्ड नंबर 9 से ताल ठोक दी है। अपने वार्ड मोहल्ला के महिलाओ के लिए हमेशा साथ खड़े रहने वाले चाहे फिर वह शराब बंदी का मामला हो या आवास, निराश्रित पेंशन, राशनकार्ड जैसे समस्याओं से कोई परिवार जुझ रहे हों तो स्वयं साथ जाकर अधिकारियों से बात कर समाधान निकलवाते है। पत्रकारिता के माध्यम से भी लोगो की समस्याओं की लड़ाई डिग्री लाल ने हमेशा लड़ी है। डिग्री ने वार्ड नंबर 9 से भाजपा से अपनी दावेदारी पेश की थी पर उन्हें टिकट नहीं मिलने से वार्ड नंबर 9 में डिग्री लाल सिदार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव समर में उतरने का मन बना लिया है।

## उपायुक्त सहकारी संस्थाएं को कारण बताओ नोटिस जारी

**महासमुंद,29 जनवरी।** कलेक्टर विनय लंगेह ने उपायुक्त सहकारी संस्थाएं द्वारिकानाथ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने जारी नोटिस में कहा है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की सतत मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रुप में आपको उपार्जन के पिरदा, जगदीश, जाड़ामुडा, झारमुड़ा, बम्हनी (आरंगी) नरसैयापल्लम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेरे द्वारा उपार्जन केंद्रों मे भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान आपको आबंटित उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की अव्यवस्था पायी गई है। साथ ही अन्य अधिकारियों द्वारा की गई जांच में भी आपको आबंटित उपार्जन केन्द्र झारमुड़ा धान खरीदी कार्य से संबधित गड़बड़ियां पायी गयी है। उल्लेखनीय है कि आप सहकारी संस्थाएँ के जिला स्तरीय अधिकारी है एवं आपकी जिले की संपूर्ण उपार्जन केंद्रों में शासन की नीति अनुसार समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की जिम्मेदारी है। किन्तु, आपके द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति रुचि ना लेते हुए लापरवाही बरती जा रही है। आपका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1985 के नियम 03 का स्पष्ट उल्लघंन है। अतः उपरोक्त संबंध में अपना स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। निर्धारित समय-सीमा में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर होगा नशा मुक्ति संकल्प एवं शपथ कार्यक्रम

**महासमुंद, 29 जनवरी।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी 2025 को कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में ÷नशामुक्त भारत अभियान÷ के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आचार संहिता के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया जाएगा।जिला स्तर पर संबंधित विभागों के सहयोग से नशामुक्ति से संबंधित गतिविधियां संचालित की जाएंगी। स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनकी जानकारी और फोटो एन.एम.बी.ए मोबाइल ऐप पर अपलोड की जाएगी। भारत माता वाहिनी और समुदाय के सहयोग से नशा मुक्ति के लिए रैलियां निकाली जाएंगी। विद्यालयों और महाविद्यालयों में नशापान के दुष्परिणामों पर आधारित चित्रकला, गीत, नृत्य, नाटक प्रतियोगिताएं तथा मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। समारोह स्थल पर नशा मुक्ति से संबंधित प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और साहित्य का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा नशापान के दुष्परिणामों पर व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा। जनसामान्य को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया जाएगा और शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर भी कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, योगाचार्यों के मार्गदर्शन में नशामुक्ति के लिए योगाभ्यास का प्रदर्शन होगा।

## सहायक नोडल अधिकारी के जारी आदेश में हुआ आंशिक संशोधन

**रायगढ़, 29 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के तैयारी एवं व्यवस्थित संचालन हेतु सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई थी।जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है। जारी संशोधित आदेश के तहत सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ के सहायक लेखाधिकारी सुश्री ममता सारथी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# भाजपा व कांग्रेस नपाध्यक्ष प्रत्याशियों ने रैली निकालकर दाखिल किया नामांकन

**महासमुंद,29 जनवरी।** जिले में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ने लगा है। खासकर जिला मुख्यालय महासमुंद नगर पालिका में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव इस बार भी कडें मुकाबले की ओर बढ़ रहा है। भाजपा ने इस बार नपाध्यक्ष टिकट के प्रमुख दावेदारों को नकारते हुए निर्दलीय विधायक रहे डॉ विमल चोपड़ा पर भरोसा जताया है। वहीं कांग्रेस ने युकां प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू को मैदान में उतारा है। इधर, भाजपा से टिकट न मिलने से नाराज पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने बागी तेवर दिखाते हुए विशाल रैली के साथ नामांकन दाखिल कर ताल ठोंक दी है। कांग्रेस से भी नपाध्यक्ष के प्रबल दावेदार माने जा रहे राशि व त्रिभुवन महिलांग ने टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने नामांकन दाखिल किया है। आज भाजपा, कांग्रेस प्रत्याशी सहित राशि, त्रिभुवन महिलांग ने रैली के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन किया।

कांग्रेस से टिकट न दिए जाने के बावजूद आज त्रिभुवन महिलांग व राशि महिलांग दोनों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर नामांकन फार्म जमा किया। इससे पूर्व उनके निवास से रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ कलेक्टोरेट पहुंची। रिक्शे में सवार महिलांग दंपत्ति ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। बाद कांग्रेस भवन से नपाध्यक्ष प्रत्याशी निखिलकांत साहू की नामांकन रैली रवाना हुई जिसमें जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर सहित 30 वार्डों से कांग्रेस के अधिकृत पार्षद प्रत्याशी शामिल हुए। नामांकन रैली में कांग्रेस प्रत्याशी निखिलकांत साहू कार्यकर्ताओं के साथ पैदल चलते हुए शहर की जनता से वोट की अपील करते नजर आए। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका आतिशी स्वागत किया। भाजपा की नामांकन रैली लोहिया चौक से कांग्रेस भवन चौक, बरोंडा चौक होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचीं। इस दौरान वाहन में सवार भाजपा प्रत्याशी डॉ विमल चोपड़ा जनता का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। उनके साथ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू सहित 30 वार्डों पार्षद प्रत्याशी मौजूद रहे।

### नए महासमुंद का सपना होगा साकार: निखिल

नामांकन के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी निखिलकांत साहू ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जिस प्रकार युवा पर विश्वास कर मुझे टिकट दिया है इसी प्रकार नगर की जनता का विश्वास जीतकर मैं उनके फैसले को सही ठहराऊंगा। भाजपा के पास कार्यकर्ता और अध्यक्ष पद के दावेदारों का अभाव नजर आया। तभी तो बड़ी संख्या में अध्यक्ष पद के लिए लोगों ने दावेदारी की पर सभी लोगों का दरकिनार कर 20 साल पुराने चेहरे पर दाव खेला है। भाजपा के कार्यकर्ताओं में निराशा है मैं शहर को नया महासमुंद बनाने के विजन को लेकर आगे बढ़ूंगा। इस नए महासमुंद में जनता की मूलभूत सुविधा के साथ ही विकास और जनता की आवश्यकता की पूर्ति ही हमारा ध्येय होगा।

### एक बेटी-बहू ही घर को संभाल सकती है : राशि

पूर्व नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि मैं महासमुंद की बेटी हूं, बहू हूं और शहर की जनता से रिश्तों की डोर से बंधी हूं। शहर की जनता के विकास, उनकी देखभाल के लिए चुनाव मैदान में उतर रही हूं। अब जनता को तय करना है कि महासमुंद शहर को कौन संभाल सकता है। मैं शहर को अपना घर-परिवार मानती हूं और परिवार को एक बेटी, एक बहू ही संभाल सकती है। चुनाव मैदान में उतरे सभी प्रत्याशियों से मेरा पारिवारिक रिश्ता है लेकिन जनता के दबाव में आज मैं चुनाव मैदान में हूं। शहर रूपी इस घर के सभी लोगों की समस्याएं सुलझाकर शहर का विकास करूंगी।

### जनता के सामाजिक न्याय और विकास के लिए चुनाव मैदान में : चोपड़ा

भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने कहा कि पिछले पांच सालों में शहर की जनता त्रस्त रही। उन्हें न तो सामाजिक न्याय मिला और न ही शहर का विकास हुआ। जनता को सामाजिक न्याय दिलाने और शहर विकास के लिए चुनाव मैदान में हूं। हम अध्यक्ष सहित सभी 30 वार्डों के भाजपा प्रत्याशी जीत कर एक इतिहास बनाने जा रहे हैं और विपक्ष का सफाया होना जा रहा है। मैं किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेता अपनी लकीर बड़ी करने में विश्वास रखता हूं। पार्टी ने जो आदेश दिया उसे मानने मजबूर हूं। जनता की सेवा के लिए जो भी आदेश पार्टी से मिलेगा चाहे वो कार्यकर्ताओं के रूप में हो, चाहे पदाधिकारी या जन प्रतिनिधि जनता की सेवा के लिए महेशा तत्पर हूं।

# कांग्रेस-भाजपा नपा प्रत्याशियों ने नामांकन भरा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,29 जनवरी।** नामांकन के आखिरी दिन आज कांग्रेस और भाजपा के नगर पालिका के प्रत्याशीयो.ने शक्ति प्रर्दशन करते हुए रैली के साथ कलेक्ट्रेट पंहुचे और अध्यक्ष और.पार्षद पदो के उम्मीदवारो ने नामांकन दाखिल किया नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा से महेश गागडा जबकि कांग्रेस से विधायक विक्रम मंडावी मौजूद रहे ..अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कांग्रेस के सुनीता हेमला ने 15 बनाम 5 साल का मुद्दा उठाया तथा विकास पर जो दिया जबकि भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी गीता सोम पुजारी ने महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया .दोनों ने अपनी जीत का दावा किया है अब देखना होगा कि कौन किस पर भारी पडता है नामांकन के.दौरान दोनों दलों के समर्थक और कार्य कर्ता कलेक्टर परिसर मे मौजूद रहे

## अब तक 152352 किसानों से 1089356 टन धान खरीदा गया

**महासमुन्द 29 जनवरी ।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान सुचारू रूप से जारी है। नोडल अधिकारी श्री अविनाश शर्मा ने बताया कि 28 जनवरी तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से एक लाख 52 हजार 352 किसानों से 10 लाख 89 हजार 356 टन धान खरीदा गया, जिसकी राशि 2505 करोड़ 51 लाख रुपए किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केन्द्रों में 2 करोड़ 93 लाख 74 हजार 604 बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमें एक करोड 43 लाख 84 हजार 746 नया बारदाना है। एक करोड़ 27 लाख 95 हजार 757 बारदाना मिलर से प्राप्त, 17 लाख 20 हजार 549 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से 4 लाख 73 हजार 552 बारदाना प्राप्त हुआ है। 2 करोड़ 85 लाख 87 हजार 384 बारदाने का उपयोग उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है। अभी 7 लाख 87 हजार 220 बारदाना शेष है।

## नगरीय निकाय निर्वाचन-25 के लिए प्रेक्षक महासमुंद पहुंचे

**महासमुन्द 29 जनवरी ।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए प्रेक्षक श्री जय प्रकाश मौर्य (आईएएस) महासमुंद पहुंच चुके हैं। यहां पहुंचने के पश्चात उन्होंने नाम निर्देशन प्रक्रिया का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

# रायगढ़ नगर निगम महापौर के लिए 9 एवं पार्षद पद के लिए 177 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन



**रायगढ़, 29 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकायों के लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत आज 28 जनवरी अंतिम दिवस तक महापौर पद के लिए कुल 9 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। जिनमें बहुजन समाज पार्टी-बनवारी लाल डहरे, इंडियन नेशनल कांग्रेस-जानकी बाई काटजू, निर्दलीय-जेठूराम मनहर, भारतीय जनता पार्टी-जीवर्धन चौहान, इंडियन नेशनल कांग्रेस-कान्ती चौहान, निर्दलीय-लीलाधर खुंटे, इंडियन नेशनल कांग्रेस-मुरारी लाल भट्ट, आम आदमी पार्टी-रूसेन कुमार मिरी एवं निर्दलीय-सिरिल कुमार धृतलहरे शामिल है।इसी तरह नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत पार्षद पद के लिए कुल 177 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। जिसमें वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक में कुल 43 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक में 38 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 25 से 26 तक में 53 अभ्यर्थी तथा वार्ड क्रमांक 37 से 48 तक में 43 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं कुल 48 वार्डो के लिए 221 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे थे।

**31 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थी दें सकेंगे नाम वापस**- नगरीय निकाय हेतु 01 महापौर एवं 141 पार्षद पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया होनी है। जिसके लिए 28 जनवरी 2025 तक नाम निर्देशन लिया गया। इसी प्रकार 29 जनवरी को संवीक्षा तथा 31 जनवरी को अभ्यर्थी नाम वापसी एवं प्रतीक चिन्ह आवंटन प्रक्रिया की जाएगी। इसके पश्चात 11 फरवरी को मतदान तथा 15 फरवरी 2025 को मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की जाएगी।

## नगर पालिका एवं नगर पंचायत में 251 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन

# अध्यक्ष पद के लिए नगर पालिका,नगर पंचायत में 22 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन

**रायगढ़, 29 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकायों के लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत आज 28 जनवरी अंतिम दिवस तक नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए कुल 22 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत पार्षद पद के लिए कुल 177 तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में पार्षद हेतु 251 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है।

नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष पद के लिए 5 अभ्यर्थी, नगर पंचायत पुसौर में 04, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में 3, नगर पंचायत धरमजयगढ़ में 5, नगर पंचायत घरघोड़ा में 3 एवं नगर पंचायत लैलूंगा में 2 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं अध्यक्ष पद के लिए 32 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे थे।नगर निगम रायगढ़ पार्षद पद हेतु 177 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन दाखिल-रायगढ़ नगर निगम अंतर्गत कुल 48 वार्डों के लिए पार्षद पद हेतु 177 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। जिनमें वार्ड क्रमांक 1 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 2 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 3 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 4 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 5 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 6 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 7 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 8 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 9 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 10 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 11 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 12 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 13 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 14 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 15 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 16 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 17 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 18 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 19 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 20 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 21 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 22 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 23 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 24 में 08 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 25 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 26 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 27 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 28 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 29 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 30 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 31 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 32 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 33 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 34 में 04 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 35 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 36 में 08 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 37 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 38 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 39 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 40 में 07 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 41 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 42 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 43 में 05 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 44 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 45 में 02 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 46 में 03 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 47 में 06 अभ्यर्थी एवं वार्ड क्रमांक 48 में 02 अभ्यर्थी शामिल है। वहीं कुल 48 वार्डो के लिए 221 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे थे।नगर पालिका परिषद खरसिया में पार्षद पद के लिए 59 अभ्यर्थी, नगर पंचायत पुसौर में 37, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में 30, नगर पंचायत धरमजयगढ़ में 39, नगर पंचायत घरघोड़ा में 45 एवं नगर पंचायत लैलूंगा में 41 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत अंतर्गत 316 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे थे।

## सामान्य प्रेक्षक केडी कुंजाम पहुंचे रायगढ़

**रायगढ़, 29 जनवरी।** जिले के नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री के.डी.कुंजाम (आईएएस) आज जिला मुख्यालय रायगढ़ पहुंचे।सामान्य प्रेक्षक श्री के.डी.कुंजाम निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नाम निर्देशन प्रक्रिया के अंतिम दिवस कलेक्टोरेट पहुंचकर नाम निर्देशन के संबंध में जानकारी ली। इस



दौरान उन्होंने रायगढ़ नगरीय निकाय अंतर्गत विभिन्न कक्ष में महापौर एवं पार्षद पद हेतु लिए जा रहे नाम निर्देशन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी भी ली। अभ्यर्थियों ने बताया कि यहां किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को नाम निर्देशन कार्य को सावधानी पूर्वक करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन श्री समीर बड़ा भी उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए प्रेक्षण कार्य हेतु रायगढ़ जिले के समस्त नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत के लिए सचिव, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व श्री के.डी.कुंजाम (आईएएस 2009) को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

## पार्षद पद के लिए 33 एवं अध्यक्ष पद के लिए 2 नाम निर्देशन पत्र खरीदे गए

**बीजापुर,29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरपालिका निर्वाचन 2025 के तहत बीजापुर नगरपालिका के 15 वार्डो में पार्षद पद एवं अध्यक्ष पद के लिए 27 जनवरी तक नाम निर्देशन पत्र वार्ड क्रमांक 01 से 03 अभ्यर्थी लखमा कडती, अरविंद पुजारी एवं सदाशिव राना, वार्ड क्रमांक 02 से वर्षा कुंजाम एवं यशोदा पैकरा, वार्ड क्रमांक 03 से हितेश साहनी एवं हरिन्धर मांझी, वार्ड क्रमांक 04 से बेनहूर रावतिया एवं हरिशंकर बेलसरिया, वार्ड क्रमांक 05 से शोशाती कुजूर, वार्ड क्रमाक 06 से स्मिता पंथ एवं संध्या हलदार, वार्ड क्रमांक 07 से मुन्नालाल ताती एवं हेमला सम्माराव, वार्ड क्रमांक 08 से प्रेमलता सलाम एवं बसंती लिगम्, वार्ड क्रमांक 09 से सुनील कुमार साहू, भुवन सिंह चौहान एवं राजीव सिंह, वार्ड क्रमांक 10 से बबीता झाडी एवं धनलक्ष्मी झाडी, वार्ड क्रमांक 11 से सजय कुमार रिगनी, वार्ड क्रमांक 12 से विक्रम कुमार दूबी, पुरुषोत्तम सल्लूर एवं तेनजिन गोग, वार्ड क्रमांक 13 से ईश्वर लाल सोनी, मुकेश राठी एवं प्रवीण डोंगरे, वार्ड क्रमांक 14 से महेश बेलसरिया एवं सत्यवती परतागिरी, वार्ड क्रमांक 15 से अखिलेश नाग, पुरषोत्तम भंडारी एवं दीपक कुमार भट्ट इस तरह कुल 33 अभ्यर्थी पार्षद पद के लिए नाम निर्देशन पत्र खरीदे हैं। वहीं अध्यक्ष पद हेतु गीता सोम पुजारी एवं सुनीता हेमला के द्वारा नाम निर्देशन पत्र खरीदा गया है तथा वार्ड क्रमांक 04 से पार्षद पद हेतु श्री बेनहूर रावतिया द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया है।

## प्लानेटरी परेड 31 जनवरी तक




**बीजापुर,29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्लानेटरी परेड एक ऐसी घटना है जिसमें ग्रहों और अन्य खगोलीय पिंडों की एक शानदार प्रदर्शनी होती है। यह एक खगोलीय घटना है जिसमें ग्रह एक विशेष क्रम में एक साथ आते हैं और एक सुंदर दृश्य प्रस्तुत करते हैं।यह घटना बहुत कम होती है और जब यह होती है, तो यह एक अद्वितीय और अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करती है ।प्लानेटरी परेड को देखने के लिए, आपको एक स्पष्ट आकाश और एक अच्छा दृश्य होना चाहिए। आप एक दूरबीन या एक टेलीस्कोप का उपयोग करके इस घटना को और भी बेहतर तरीके से देख सकते हैं । बीजापुर जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर जिले के सभी आयु वर्ग के जनसामान्य 28 से 31 जनवरी तक सायं 7.00 बजे से 8.00 बजे तक सेन्ट्रल लाईब्रेरी में उपलब्ध टेलिस्कोप के माध्यम से निशुल्क रुप से इस शानदार दृश्य का आनंद ले सकेंगे।

## माओवादियों ग्रामीण को गद्दार घोषित कर कुल्हाड़ी से मार कर की हत्या

**बीजापुर,28 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम केशामुंडी



निवासी ग्रामीण भदरू सोढ़ी पिता हिडमा उम्र 41 वर्ष की दिनांक 26/01/2025 को माओवादियों के द्वारा घर में घुस कर कुल्हाड़ी से मार कर हत्या की गई है।घटना दिनांक 26/01/2025 के शाम 07.00 बजे के आसपास की है। मौके पर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन भैरमगढ़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है, जिसमें माओवादियों द्वारा गद्दार का साथ देने, सलवा जुडूम में काम करने और पार्टी की सूचना देना लेख किया गया है।सूचना पर थाना भैरमगढ़ के द्वारा शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। विदित हो कि जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान में लगातार पुलिस को मिल रही सफलता से माओवादी संगठन को काफी नुकसान उठाना पड़ा है, साथ ही माओवादियों के कोर क्षेत्र में नवीन सुरक्षा कैंप के निर्माण से माओवादियों का आधार क्षेत्र सिमट रहा है। इस बात की खीझ माओवादी आम निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों पर निकाल रहे है एवं कभी गद्दारी, कभी पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर भय का माहौल निर्मित करने के लिए आम लोगों की नृशंस हत्या कर अपने जनविरोधी, आदिवासी विरोधी, विकास विरोधी होने का परिचय दे रहे है।

## स्थानीय जनता की सेवा में 153 बटालियन एक कदम और...



**बीजापुर,29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला अस्पताल बीजापुर और जिले के दूरस्थतम और अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात 153 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल चिन्नाकोडेपाल के संयुक्त तत्वाधान मे दिनांक 27 जनवरी 2025 को 153 बटालियन मुख्यालय चिन्नाकोडेपाल में रक्तदान शिविर का आयोजन कर उक्त वाहिनी ने स्थानीय जनता के प्रति अपने लगाव और दायित्व बोध को पुनः रेखांकित किया।उक्त शिविर मे कमांडेंट 153 बटालियन के नेतृत्व में 20 से अधिक अधिकारियों अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने रक्तदान किया।ध्यातव्य है कि हाल ही में देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने 153 बटालियन की गुंडम स्न्ह्ल्क्का दौरा किया था जहां पर इस क्षेत्र में लोगों में बड़े स्तर पर एनीमिया होने की बात कही गई थी तथा गृहमंत्री जी द्वारा इस संबंध में बड़े स्तर पर जांच करा कर आवश्यक कदम उठाने हेतु प्रशासन को निर्देशित किया गया था । गृह मंत्री के उक्त निर्देशों से प्रेरणा लेकर 153 बटालियन ने इस रक्तदान शिविर को आयोजित किया जिसमे श्री राजीव कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, श्री विवेक सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, श्री उपेंद्र निरंजन उप कमांडेंट ,श्री योगेश सिंह यादव उप कमांडेंट, श्री सुरेंद्र आरजेएस , एसआई रॉबिन सिंह एएसआई आर पी सिंह सहित 20 से अधिक अधिकारी एवं जवानों ने रक्तदान किया ।कमांडेंट 153 बटालियन श्री अमित कुमार सिंह ने मीडिया से बात करते हुए रेखांकित किया कि रक्षार्थ भी, सेवार्थ भी की नीति के अनुरूप 153 बटालियन स्थानीय जनता की सेवा में सदैव तत्पर है और आगे भी हम जमीनी जरूरत के हिसाब से जनता की मदद के लिए सदैव उपस्थित रहेंगे। शिविर के अंत में कमांडेंट श्री अमित कुमार ने जिला अस्पताल से आए डॉक्टर समीरानंदन रेड्डी व डॉक्टर तरुण कंवर सहित समस्त स्टाफ को साधुवाद देते हुए मीडिया का आभार व्यक्त किया।

## निकाय एवं पंचायत निर्वाचन के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**बीजापुर 29 जनवरी ।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 हेतु निष्पक्ष निर्वाचन कराये जाने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। बीजापुर जिले के लिए प्रेक्षक श्री नीलम टोप्पो (रा.प्र.से. 2014) उप सचिव संसदीय कार्य विभाग प्रेक्षक नगरीय एवं पंचायत निर्वाचन का आगमन हो चुका है। उनके ठहरने की व्यवस्था सर्किट हाऊस में की गई है। निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए आमजन उनसे प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक एवं अपरान्ह 4 बजे से 5 बजे तक मिल सकते हैं। उनका दूरभाष क्रमांक 7999794918 है।

## नक्सल पुनर्वास नीति के तहत 10 लाख रुपए स्वीकृत

**बीजापुर 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के लिए नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु होने पर प्रत्येक को पांच-पांच लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृती दी गई है जिसके तहत मृतक तुलेश्वर राणा के पिता श्री कमलसाय राणा को पांच लाख रूपए एवं मृतक मुकेश हेमला की पत्नी श्रीमती सीमावती हेमला को पांच लाख रूपए कुल 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# जिले के दो वीर बालक राज्यपाल के हाथों हुए सम्मानित

## 25 हजार रूपए की राशि और प्रशस्ति पत्र किया भेंट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 29 जनवरी।** राजधानी रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के दो बच्चों, कुणाल कौशले और पोषण जायसवाल को उनकी वीरता, साहस और बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 25 हजार रुपये की राशि और प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। इन बच्चों के अदम्य साहस और सूझबूझ के लिए राज्यपाल रमेन डेका ने उन्हें सम्मानित किया। बालकों के इस शौर्य एवं वीरता के लिए कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी टी जाटवर ने बधाई दी है। इस वीरतापूर्ण कार्य के लिए पूरे जिले में उनकी सराहना की जा रही है।



घटना 20 जून 2024 की है। नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्र. 14 निवासी पप्पू ठाकुर अपने कार्य पर गए थे और उनकी पत्नी मायके में थीं, जिससे घर में कोई मौजूद नहीं था। घर के आंगन में स्थित तुलसी चौरा में जलते दीपक की लौ से खिड़की के पर्दे में आग लग गई, जो धीरे-धीरे पूरे कमरे में फैलने लगी। आग लगने के दौरान पास में खेल रहे कुणाल कौशले और पोषण जायसवाल ने धुआं उठते देखा। आस-पास कोई बड़ा व्यक्ति न देखकर, दोनों बच्चों ने सूझबूझ दिखाते हुए पत्थर से घर के ताले को तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। स्थिति को भांपते हुए उन्होंने नजदीकी पानी टंकी से बाल्टी में पानी लाकर आग बुझाई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस बहादुरी से न केवल घर की संपत्ति बची, बल्कि पप्पू ठाकुर और उनके परिवार को भी संभावित नुकसान से बचाया जा सका।

## समाचार संक्षेप

### 5 दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर



**बलौदाबाजार, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुष विभाग द्वारा जिले के 14 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स डमरू, सिरियाडीह, टुण्डरा, परसाडीह, सलिहा, रिकोकला, कसडोल, खम्हरिया, निपनिया, दतरेंगी, देवसुन्द्रा, दामाखेड़ा, मोहरा एवं रावन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में 27 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक सुबह 7 बजे से 9 बजे तक एवं 28 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक पं. चक्रपाणी हाई स्कूल बलौदाबाजार में आयुष चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार वर्मा, योग चिकित्सक डॉ. अर्चना अग्रवाल के द्वारा निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दैनिक जीवन में हमें मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, थॉयराईड, वातरोग, कमर दर्द, अपच, कब्ज, मानसिक अवसाद, अनिद्रा आदि गम्भीर स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है और इन सबसे मुक्ति एवं नियंत्रण का सरल एवं सहज उपाय योग है। निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते है।

### मितानिन मोबाइल एकेडमी कोर्स जिले में शत-प्रतिशत पूर्ण



**बलौदाबाजार, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे मितानिनों के लिए मोबाईल एकेडमी कोर्स में बलौदाबाजार- भाटापारा जिला शतप्रतिशत कोर्स पूर्ण कराने वाला जिला बन गया है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकरी डॉ राजेश अवस्थी के मार्गदर्शन में चलाए गए मोबाईल एकेडमी कोर्स करने से सभी मिताननों के कौशल एवं उनके कार्य करने की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है एवं कार्य में आसानी हुई है। सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार मोबाईल एकेडमी कोर्स मितानिनों के लिए भारत सरकार द्वारा खास तौर पर तैयार किया गया है जो मोबाईल पर आपसी संवाद ट्रेनिंग कोर्स है तथा बिल्कुल मुफ्त है। सर्टिफिकेट पाने के लिये मितानिनों को आर.सी.एच. पोर्टल में रजिस्टर्ड मोबाईल से 14424 पर डायल करके 44 पाठ सुनने होते हैं और 11 बार पूछे गए सवालों का जवाब देना होता है। 44 में से 22 अंक हासिल करने वाले मितानिनों को माबाईल एकेडमी की ओर से एक एस.एम.एस. प्राप्त होता है जिससे भारत सरकार के माध्यम से एक सर्टिफिकेट प्राप्त होता है। गौरतलब है कि यह कोर्स राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार द्वारा लाया गया है। 14424 पर डायल करने से फोन पर डॉ अनिता जी की आवाज सुनाई देती है जो पूरी ट्रेनिंग संपादित करती हैं। मोबाईल एकेडमी 240 मिनट का कोर्स है। ट्रेनिंग में गर्भवास्था से लेकर जन्म एवं जन्म के 2 साल तक की सम्पूर्ण जानकारी मौजूद रहती है। इसके माध्यम से मां एवं बच्चे की जिन्दगी बचाने में सहायता मिलती है।

### कलेक्टर ने पंचायत चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की कार्यवाही का लिया जायजा



**बलौदाबाजार, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024 -25 अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित मास्टर ट्रेनर को नियमानुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य प्रवेश द्वार के बगल में बनाए गये पूछ -ताछ कॉउंटर एवं नाम निर्देशन प्रपत्र काउंटर में कर्मचारियों से उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने नाम निर्देशन पत्र के लिए अलग-अलग वर्गो के लिए निर्धारित शुल्क लेने कहा। इसके साथ ही काउंटर में निर्धारित शुल्क का विवरण चस्पा करने के भी निर्देश दिए। इसीतरह नाम निर्दशन पत्र जमा करने हेतु अभ्यर्थी प्रवेश के लिए बेरीकेटिंग के पास एरो का निशान चस्पा करने कहा। उन्होंने नाम निर्देशन सहित अन्य कार्यवाही के लिए स्टैण्डर्ड चेक लिस्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024 -25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद हेतु सोमवार 27 जानवरी 2025 से नाम निर्देशनपत्र जमा करने की कार्यवाही शुरू हो गई है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**बलौदाबाजार, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत कसडोल के पारस नगर सेक्टर 1 निवासी विशाल साहु पिता रमेश साहु, बजरंग चौक कसडोल निवासी अनिल तिवारी पिता गोरेलाल तिवारी एवं थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत परसाभदेर निवासी महेश्वर उर्फ़ डी.के. पिता गणेश राम टंडन को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

### बाउंड ओवर कार्रवाई का उल्लंघन करने वाले को बंधपत्र की राशि जमा करने के लिए आदेश पारित

**बलौदाबाजार, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रकरण में अनावेदक को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 126 के तहत 10, 000 सक्षम प्रतिभूति पेश करने हेतु संहिता की धारा 130 के तहत आदेशित किया गया था, जिसके अनुक्रम में अनावेदक द्वारा पुनः कोई भी व्यतिक्रम नहीं किए जाने हेतु 10, 000 का निजी मुचलका जमानत नामा स्वीकृत कराया गया था, जिस पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा अनावेदक के बाउंड ओवर का उल्लंघन किए जाने से आवेदक का बाउंड ओवर राशि जप्त किए जाने का उल्लेख करते हुए एसडीएम कार्यालय बलौदाबाजार में प्रकरण प्रस्तुत किया गया। तत्संबंध में अनावेदक को एसडीएम कार्यालय बलौदाबाजार में उपस्थित किया गया, जिसमें अनावेदक के द्वारा पूर्व में निष्पादित बाउंड ओवर का उल्लंघन किया जाना स्वीकार किया गया। उक्त के संबंध में एसडीएम बलौदाबाजार द्वारा अनावेदक के बंधपत्र का उल्लंघन करना पाए जाने से अनावेदक को उक्त राशि 10, 000 तत्काल जमा करने हेतु आदेशित किया गया है। विदित हो कि अनावेदक चखना सेंटर चलाने का काम करता था, जिसको मना करने पर भी एवं 02 बार कार्रवाई करने के पश्चात भी अनावेदक चखना सेंटर चलाने के काम में संलिप्त पाया गया था, जिस पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा बाउंड ओवर की कार्रवाई कर प्रकरण एसडीएम कार्यालय बलौदाबाजार में प्रस्तुत किया गया, जिसमें एसडीएम कार्यालय द्वारा 10, 000 बाउंड ओवर बंधपत्र की राशि तत्काल जमा करने हेतु आदेश पारित किया गया है।



### नगरीय निकाय चुनाव : कांग्रेस और भाजपा का निकाली चुनावी रैली

# अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 29 जनवरी।** नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा ने नगर में भव्य रैली निकालते हुए अपने अध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्याशी चन्द्रकला वर्मा सहित 22 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन फार्म रैली की शुरुआत नगर के प्रमुख दीनदयाल उपाध्याय चौक से हुई, केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा महामंत्री अनिल अग्रवाल की उपस्थिति में गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लहराते और नारे लगाते हुए निकले। रैली में हर उम्र के लोगों की उपस्थिति ने भाजपा की जनसमर्थन शक्ति को दर्शाया। रैली के दौरान मोदी सरकार जिंदाबाद, भाजपा है तो विश्वास है, जैसे नारों से नगर का वातावरण गूंज उठा। वही . कांग्रेस से अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण वर्मा और 22 वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों के काफिला के साथ कांग्रेस भवन से शैलेश नितिन त्रिवेदी, राम गिड़लानी और कांग्रेसी कार्यकर्ताओ की अगुवाई में विशाल रैली निकालकर अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे. सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रत्याशियों ने एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया. कांग्रेस की इस नामांकन रैली ने चुनावी माहौल को और गरमा दिया है. आज नामांकन प्रक्रिया के दौरान कार्यकर्ताओं में गजब उत्साह देखने को मिला. अब देखना यह होगा कि यह शक्ति प्रदर्शन कांग्रेस के पक्ष में कितना असर डालता है.

#### गरमाया चुनावी माहौल

भाजपा और कांग्रेस की इस शक्ति प्रदर्शन रैली और नामांकन प्रक्रिया ने नगर के चुनावी माहौल को और गरमा दिया है।



नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई और कार्यकर्ताओं ने इसे ऐतिहासिक दिन करार दिया। नगर के लोगों में इस रैली को लेकर काफी चर्चा है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि चुनावी समीकरण किस ओर रुख करते हैं। भाजपा प्रत्याशी चन्द्रकला वर्माने कहा की ऐतिहासिक उत्साह और जनसमर्थन से भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के साथ भव्य नामांकन रैली में शामिल होकर नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु अपना नामांकन दाखिल किया।

यह रैली न केवल हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, बल्कि नगर के विकास और प्रगति के प्रति जनता की अटूट आस्था और एकजुटता को भी दर्शाती है। चारों ओर गूँजते नारों और जनता के अपार समर्थन ने यह सिद्ध कर दिया कि तिल्दा नेवरा के भविष्य को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने का सपना अब साकार होने वाला है।

# लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 29 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बलौदा बाजार- भाटापारा जिले के सिमगा ब्लॉक के खपराडीह में स्थित सीमेंट सयंत्र के एएफआर यूनिट से निकलने वाली दुर्गंध के कारण बच्चों के बीमार पड़ने की घटना को लेकर कड़ा रुख अपनाया है।घटना के तुरंत बाद जिला प्रशासन द्वारा सीमेंट के एएफआर क्षेत्र को सील करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद उन्होंने सोमवार को जिले में संचालित समस्त सीमेंट सयंत्र के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर उन्हें अपने सीमेंट संयंत्र में अल्टरनेट फ्यूल एंड रॉ मैटेरियल के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए।



बैठक में कलेक्टर सोनी ने सीमेंट्स के प्रबंधन को ए एफआर क्षेत्र निगरानी के जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि संयंत्रों में हुई लापरवाही के कारण आम जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी सजगता से निगरानी कर रहा है कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए। कलेक्टर ने कहा कि यदि सीमेंट प्रबंधन को जारी नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी सीमेंट संयंत्रों में एएफआर क्षेत्र में आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण, कुशल मानव संसाधन की नियुक्ति करते हुए इस आशय का प्रमाण पत्र जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में एएफआर क्षेत्र में मैटेरियल उपयोग की क्षमता, भौतिक भंडारण एवं प्राप्ति के स्त्रोत, संयंत्र द्वारा भंडारण, निस्तारित किये जा रहे एएफआर हेतु प्राप्त अनुमतियां, संयंत्र के भीतर एएफआर का भंडारण, निस्तारण हेतु एसओपी, संयंत्र के भीतर एएफआर के भंडारण हेतु मापदण्ड अनुसार शेड, नाली एवं सेग्रिगेशन पिट निर्माण की स्थिति, दुर्गंध पृथक्करण प्रणाली, एएफआर के उपयोग एवं प्रबंधन में सयंत्र द्वारा की जा रही कार्यवाही और सीमेंट संयंत्र द्वारा इस दिशा में लोगों को असुविधा से बचाने एवं उनकी सुरक्षा के लिए किए गए उपायों की रिपोर्ट तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# नामांकन के अंतिम दिन भाजपा-कांग्रेस व निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ झोंकी ताकत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 29 जनवरी।** नगर पालिका सिमगा में आज नामांकन जमा करने के अंतिम दिन दिन भर काफी गहमा गहमी रही भाजपा कांग्रेस सहित बागी प्रत्याशियों ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पुरे दम खम के साथ अपना अपना नामांकन निर्वाचन अधिकारी अंशुल वर्मा के समक्ष अपना नामांकन पत्र जमा किया। सुबह 11 बजे से निर्वाचन कार्यालय के बाहर नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी एवं उनके समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं कल बुधवार 29 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा 31 जनवरी को नाम वापसी पश्चात चुनाव चिन्हों का आबंटन किया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए आज मंगलवार को अंतिम दिन गोपाल नट, ललित देवांगन, दशरथ चंद्राकर, हासम अली (पप्पू), एवं खेमराज घितोड़े नामांकन दाखिल किया। वहीं पार्षद पद के लिए वार्ड 03 से सत्यप्रकाश सोनी, मनीष जैन,





वार्ड क्र. 6 में कांग्रेस से प्रत्याशी पार्षद पद हेतु नाम भारती गोलू पाटकर नामांकन भरते हुए।

वार्ड 04 से बाबूलाल देवांगन, वार्ड 05 से अविनाश दास, वार्ड 07 से मोनिका शर्मा, वार्ड 08 से राजकुमारी देवांगन, चितरेखा देवांगन, वार्ड 09 से खैरून बी खान, वार्ड 10 से कुंजबाई कोसले, वार्ड 11 से सूरज देवांगन, वार्ड 12 से पद्मिनी सेन, वार्ड 13 से कैलाश सेन ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस प्रकार नगर पालिका सिमगा में अध्यक्ष पद के लिए 09 एवं 15 वार्डो के लिए 51 दावेदारों ने अपना नामांकन जमा किया है। निकाय चुनाव के लिए जहां भाजपा ने अपने प्रत्याशीयों की घोषणा करने के बाद बी फार्म निर्वाचन अधिकारी के पास जमा कर दिया है वहीं कांग्रेस प्रत्याशियों का बी फार्म आज जमा नहीं हुआ है। हालांकि 31 जनवरी तक का उनके पास समय है।

भाजपा व कांग्रेस ने समर्थकों के साथ निकाला जुलूस कांग्रेस प्रत्याशी ललित देवांगन जो सबसे कम उम्र के युवा प्रत्याशी हैं ने भी अपने समर्थकों के साथ जुलूस निकाल कर नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस ने इस बार एक 30 वर्षीय युवा ललित देवांगन को अपना प्रत्याशी बनाकर खासकर युवा मतदाताओं के बीच एक संदेश दिया है कांग्रेस युवाओं को भी आगे बढ़ाने की एक सोच रखती है। तो वहीं भाजपा की ओर से वदंना स्कूल के संचालक शिवधारी देवांगन पर अपना भरोसा दिखाया है। हरदीप सिंह (राजू) भाटिया जो दो बार के नगर पंचायत के अध्यक्ष रह चुके है साथ ही भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर पूर्व पार्षद रमेश सोनी भी चुनाव मैदान में पूरे दमखम के साथ उतर गए हैं। अब देखना है कि कौन प्रत्याशी मतदाताओं को अपनी ओर करने में सफलता प्राप्त करता है।


**कार्यालय संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- जगदलपुर
(छ.ग. गृह निर्माण मण्डल कार्यालय भवन, प्रथम तल बोधघाट, जगदलपुर)

क्रमांक/....../सं.अ./सं.प्र.प्रक्षे./आधि/2024
जगदलपुर दिनांक /...../...../2024

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत हाटकचोरा जगदलपुर में स्थित भवन क्र. एल. आई. जी. फ्लैट 10/194 जो कि श्री सुनील दास पिता श्री लक्ष्मी दास को मण्डल द्वारा आबंटित है। श्री सुनील दास पिता श्री लक्ष्मी दास के द्वारा भवन को विक्रय हेतु श्री अवनीश चौहान पिता श्री विजेन्द्र पाल सिंह चौहान को विक्रय करने हेतु आवेदन एंव अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र जगदलपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दल्लीराजहरा, जिला बालोद (छ.ग.)**
क्रमांक/78/प्र./अति.तह./2025
दल्लीराजहरा, दिनांक 17/01/2025

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर बालोद, जिला बालोद का पत्र क्र./624/प्र.कले./2024 बालोद, दिनांक 10.12.2024 के अनुसार आवेदक मनोहर दास आ. प्रेमदास जाति पनिका निवासी ग्राम साल्हे तहसील डौण्डी जिला बालोद द्वारा अपने अधिकार कब्जे हक स्वामित्व की ग्राम जमरूवा पहनं. 12 स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 54 रकबा 1.10 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक अपने स्वास्थ्य कारणों एवं अन्य पारिवारिक कारणों से भूमि के कुछ अंश को विक्रय करना चाहता है, परंतु उक्त भूमि राजस्व अभिलेख में 'अहस्तान्तरणीय' दर्ज है, जिसे हटाकर 'हस्तान्तरणीय दर्ज किये जाने एवं विक्रय की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 7/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 17/1/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**दल्लीराजहरा**
मुहर **डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-बालोद (छ.ग.)**
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक अनुग्रहीत साहू पिता श्री खेमू साहू, जाति तेली, उम्र 34 वर्ष, निवासी रेंगाकठेरा, पो. व थाना व तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका निशा आ. श्री गणेश राम चौहान, जाति गांड़ा, उम्र 25 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 06 नवागढ़, पो0 व थाना व तह. नवागढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04/03/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 20/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अगामी तिथि 04/03/2025**

**अपर कलेक्टर,**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
मुहर **जिला-बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- 202501082200002
अ/20 (4), वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मधु साहू पति राजकुमार साहू साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 271/38 रकबा 0.014 हे. जो कि मधु साहू पति राजकुमार साहू के नाम पर अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदिका के द्वारा क्षेत्रफल 68.80 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 4/2/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं।

अतः आज दिनांक 21/1/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांकः 21/1/2025**
**पेशी दिनांक 4/2/2025**

**नजूल अधिकारी**
मुहर **कबीरधाम**

## एक नजर

### अपराजिता शर्मा को साहित्य रत्न सम्मान



**रायपुर, 29 जनवरी।** लेखिका और कवियत्री डॉक्टर अपराजिता शर्मा को साहित्योदय अंतरराष्ट्रीय कला एवं संस्कृति न्यास द्वारा साहियोत्दय साहित्य रत्न सम्मान 2024 सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा शिवायन महाग्रंथ में लिखे गए अध्याय शंखचूड की उत्पति और विवाह पर मिला है ।शिव महापुराण को संपूर्ण भारत के कवियों द्वारा 151प्रसंग में लिखा गया है। इससे पूर्व भी डॉक्टर अपराजिता शर्मा को कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान नेपाल, श्री लंका, मलेशिया भूटान , इंडोनेशिया वियतनाम,मॉरिशस में और अनेकों राष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया जा चुका हैं।

### चोपड़ा बने रविवि कार्यपरिषद के सदस्य



**रायपुर, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ सिविल इंजीनियर श्री प्रकाशचंद चोपड़ा जी को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की कार्यपरिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के आदेशानुसार की गई है। श्री प्रकाशचंद चोपड़ा एक प्रतिष्ठित समाजसेवी हैं, जिन्होंने विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। वे न केवल अपने परिश्रम और सेवा-भावना के लिए जाने जाते हैं, बल्कि जैन समाज और इंजीनियरिंग समुदाय के लिए भी एक प्रेरणास्रोत हैं। उनकी इस उपलब्धि से संपूर्ण समाज को गौरव की अनुभूति हो रही है।

### केकेएमयू में वेलनेस सत्र संपन्न



**रायपुर, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में स्थित सर्वश्रेष्ठ निजी विश्वविद्यालयों में से एक केके मोदी यूनिवर्सिटी (केकेएमयू) ने दुर्ग में अपने परिसर में आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया। समग्र शिक्षा के अपने मिशन पर कायम रहते हुए, केकेएमयू ने सैंक्टम के संस्थापकों लुक मेलिस, पूर्व डच पेशेवर नर्तक और फिटनेस गुरु, और गेब्रियल ओल्स्ज़ेव्स्की के साथ मिलकर एक अनोखा अनुभव प्रदान किया। सैंक्टम द्वारा आयोजित सत्र में उच्च तीव्रता के अभ्याओस को सजगता और अभिव्युक्ति अभियान के साथ जोड़ा गया, जिसका छात्रों और शिक्षकों दोनों पर एक स्थायी प्रभाव पड़ा।

### दिखोगे तो बिकोगे अभियान

**रायपुर, 29 जनवरी।** अमेज़न इंडिया ने एक नया ब्रांड अभियान, ्रदिखोगेतोबिकोगे (जिसका अर्थ है यदि प्रचार होगा तो आपका सामान बिकेगा) पेश किया है, जिसमें इस बारे में जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की गई है कि भारत में छोटे व्यवसायों के लिए कंपनी के डिजिटल मार्केटप्लेस पर बिक्री करना सरल और प्रभावी है। इस अभियान में तीन रचनात्मक और हास-परिहास भरे विज्ञापन शामिल हैं और हरेक में अलग-अलग परिदृश्य में विक्रेता अपने उत्पादों को बढ़ावा देने और बेचने के लिए अपरंपरागत तरीके अपनाते हैं। ये वीडियो विक्रेताओं के लिए अमेज़न के मार्केटप्लेस के लाभों को उजागर करते हैं, जैसे ग्राहकों की विशाल संख्या, भारत के 100त्न सेवा योग्य पिन कोड और 18+ वैश्विक मार्केटप्लेस तक पहुंच।

### इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में क्रांतिकारी बदलाव

**रायपुर, 29 जनवरी।** भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता प्योर ईवी ने एडवांस एआई तकनीक से लैस नया एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च किया। यह प्लेटफॉर्म वाहन प्रदर्शन, कनेक्टिविटी और यूज़र सुविधा को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 का मुख्य आकर्षण थ्रिल मोड है, जो टॉर्क और प्रदर्शन को 25त्न तक बढ़ाकर राइडिंग को और रोमांचक बनाता है। इसमें प्रिडिक्टिव एआई वीसीयू शामिल है, जो राइडर के व्यवहार के अनुसार खुद को अनुकूलित करता है और अधिक माइलेज सुनिश्चित करता है। क्लाउड एआई के जरिए ओवर-द-एयर अपडेट और अपग्रेड की सुविधा भी दी गई है।

### तीर्थयात्रियों को दिया एक अलग अनुभव

**रायपुर, 29 जनवरी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भारत के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम, महाकुंभ 2025 में अपनी भागीदारी की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। यह पहल रणनीतिक जुड़ाव और व्यक्तिगत सेवाओं के माध्यम से डीलरों, सब-डीलरों और इन्फ्लुएंसर्स (प्रभाव- प्रभावशाली लोगों) सहित भक्तों और महत्वपूर्ण चैनल पार्टनर्स के लिए एक बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए खास तौर पर तैयार की शुरू की गई है। प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेला 2025, 144 साल के चक्र के बाद होने के कारण असाधारण महत्व रखता है।

# हजारों श्रद्धालुओं ने खारून में लगाई आस्था की डुबकी

## मौनी अमावस्या पर महादेवघाट में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रायपुर, 29 जनवरी ।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर एक ओर जहां करोड़ों भक्त प्रयागराज तीर्थ में पुण्य त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं तो वहीं राजधानीवासियों ने आज तड़के महादेवघाट स्थित खारून नदी पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। महादेवघाट में आज तड़के से ही मेले जैसा माहौल देखने को मिला।

मौनी अमावस्या का सनातन धर्म में काफी महत्व बताया गया है। जानकारों ने बताया कि आज के दिन ब्रम्ह मुहुर्त में पवित्र सरोवर, पोखरों, नदियों व संगम में स्नान करने से प्रारब्ध के कई पाप कट जाते हैं। इसके अलावा जाने-अनजाने में हुए पापकर्म की क्षमायाचना करते हुए सच्चे मन से प्रायश्चित कर मां गंगा का ध्यान कर स्नान, दान व पूजा-पाठ करने से भी पापकर्मों से मुक्ति मिलती है। आज के दिन दान का भी काफी महत्व बताया गया है। आज के दिन किए गए पुण्य कार्य कई गुना फल प्राप्त होता है। यदि यही मौनी अमावस्या सोमवार के दिन पड़ जाता है तो इसका फल 100 गुना हो जाता है। यही वजह है कि आज खारून नदी में पुण्य व अमृत स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि यहां अघोषित मेला लग गया है। खारून नदी में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने बाबा हाटकेश्वर महादेव का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद दान आदि कर देवालयों का दर्शन किया। महादेवघाट में आज सुबह बुजुर्गों से लेकर बच्चों में भी गजब का उत्साह देखा गया। सनातन धर्म के प्रति लोगों की आस्था यहां बढ़-चढ़कर नजर आई। श्रद्धालुओं हर-हर गंगे और महादेव के जयकारे लगाते हुए स्नान किया।

# पंचायती चुनाव के मद्देनजर असामाजिक गतिविधियों पर लगाम कसने ज्ञापन

**अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियों की खुलेआम बिक्री**

**रायपुर, 29 जनवरी।** पंचायती चुनाव के दौरान अधिकतर प्रत्याशियों के अपरोक्ष बढ़ावा के चलते असामाजिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के पूर्व अनुभवों के मद्देनजर माहौल खराब होने से बचाने व शांति व्यवस्था कायम रखने अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियां बिक्री सहित होने वाले जुआ जैसे असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ प्रभावी पुख्ता कार्यवाही की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह को ज्ञापन सौंप मंदिर हसौद व आरंग थाना क्षेत्र सहित जिला के अन्य थाना क्षेत्रों में परिणाम मूलक कार्यवाही का आग्रह किया है ।

ज्ञातव्य हो कि पंचायती चुनाव के दौरान असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि देखने को मिलता है । कई प्रत्याशी इनमें लिप्त तत्वों को वोट खराब होने की आशंका में अनदेखा कर अपरोक्ष बढ़ावा देते हैं तो कई प्रत्याशी इनके सहारे चुनाव जीतने की मिथक पाले इनमें अपरोक्ष रूप से स्वयं शामिल हो लिप्त तत्वों को भी प्रोत्साहित करते हैं और ऐसे तत्वों के पकड़े जाने पर अपने राजनैतिक आकाओं के माध्यम से इन्हें छुड़वाने का प्रयास भी करते हैं । इसके चलते माहौल काफी दूषित बना रहता है और शांति व्यवस्था गड़बड़ाने के साथ - साथ कानून व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ने की भी आशंका बनी रहती है ।

ग्रामीण अंचल में ग्रामों से पुलिस थाना के दूर होने की वजह से किसी अनहोनी की आशंका भी बनी रहती है । पूर्ववर्ती चुनावों के दौरान की जमीनी हकीकत के मद्देनजर ऐहतियाती कदम उठाने की मांग करते हुये श्री सिंह से प्रत्यक्ष मुलाकात न हो पाने की वजह से उनके कार्यालय में प्रदत्त ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक किये जा रहे कार्यवाही से पुख्ता परिणाम परिलक्षित नहीं हो रहा है । उन्होंने इन असामाजिक गतिविधियों को प्रश्रय दे चुनाव जीतने का मिथक पाले प्रत्याशियों को भी इससे भ्रमित न होने का आग्रह करते हुये कहा है कि बीते पंचायत चुनाव में बिना शराब बांटे चुनाव लड़ जीत कर दिखाने की सार्वजनिक घोषणा कर आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से चुनाव लड़ क्षेत्रीय मतदाता न रहने के बाद भी विजयश्री हासिल कर इस मिथक को तोड़ दिया था तो आसन्न चुनाव में भी इसी क्षेत्र से जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने के इच्छुक एक प्रत्याशी ने भी हार - जीत का परवाह किये बिना ऐसे ही घोषणा की है वहीं भानसोज पंचायत से सरपंच पद हेतु चुनाव लड़ने की तैय्यारी कर रहे एक प्रत्याशी भी घर - घर जा ऐसे ही घोषणा कर ग्रामीणों के सहयोग से अवैध शराब ब्रिक्री बंद कराने का वादा कर जनसमर्थन जुटाने की जुगत में है ।

# शकुंतला फाउंडेशन ने मनाया गणतंत्र दिवस




**रायपुर, 29 जनवरी।** शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को कलेक्टर परिसर गार्डन बापू की कुटिया में वरिष्ठजनों के साथ धूमधाम से गणतंत्र दिवस आयोजित किया गया। शकुंतला फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य श्री गोविन्द अग्रवाल जी द्वारा तिरंगा फहराया गया साथ ही सभी सदस्यों द्वारा गार्डन में प्रभात फेरी निकाली गई । संस्था अध्यक्ष स्मिता सिंह ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस विशेष अवसर पर वरिष्ठ जनों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। जरुरतमंद मरीजों को दवा सहयोग किया गया।इस अवसर पर स्मिता सिंह अध्यक्ष, बीनू अग्रवाल,योग शिक्षिका हासी बैनर्जी,सुषमा बग्गा, डॉ अनुश्री पाठक, वैभव गुप्ता, अपर्णा चांडक,प्रियल दुबे आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# अर्पण के दिव्यांग बच्चों ने पेश किए मोहक नृत्य व नाटक



**रायपुर 29 जनवरी।** गणतंत्र दिवस पर राजेन्द्र नगर स्थित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण कर वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रखर वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर, समाजसेवी व शिक्षाविद् मुकेश शाह थे। शिक्षाविद् प्रदीप चंद्र भोई ने अध्यक्षता की। अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर मुकेश शाह ने कहा कि इन दिव्यांग बच्चों के संग समय बिताने से शांति मिलती है। ये वास्तव में ईश्वर के रूप हैं। कार्यक्रम में स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने सुन नहीं पाने के बाद भी देशभक्ति की धुन पर आकर्षक नृत्य किया व सफाई तथा जल ही जीवन है विषय पर नाटक पेश किया। इशारों में इनकी अभिव्यक्ति देखकर पालक व दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। महिलाओं की आंखों से आंसू झरने लगे थे। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार तथा उपहार देकर भोजन कराया गया। कार्यक्रम में मधुधारा संगठन की मधु दीदी, लायन क्लब सेंट्रल के रानू लूनिया, रीजन चेयरपर्सन राजेश चौरसिया, सचिव राहुल अग्रवाल, लेट्स डोनेट की टीम, डॉ. रुचिका पांडेय, प्राचार्य कमलेश शुक्ला, सीमा छाबड़ा, उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, मृत्युंजय शुक्ला, मोनिका गुप्ता, मोनिका साहू आदि मौजूद थे।

### दृष्टि-बाधित कन्याओं ने किया गणतंत्र दिवस पर काव्य पाठ

**रायपुर, 29 जनवरी।** तुलसी साहित्य अकादमी रायपुर इकाई द्वारा एन ए बी. प्रेरणा गुरुकुलम् विद्यापीठ, हीरापुर में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 25 जनवरी 25 को संध्या 4 बजे से में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस काव्य पाठ में प्रेरणा विद्या पीठ की प्रज्ञा-चक्षु (दृष्टि बाधित) बालिकाओं द्वारा स्वरचित कविताओं का पाठ किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ लेखक,स्तंभकार,चिंतक,कवि संजीव ठाकुर, प्रेरणा के संयुक्त सचिव आर वाय तिवारी,कोषाध्यक्ष संजीव बसंत हुद्दार, प्राचार्य डॉ भारती अग्रवाल तथा पूर्व आयुक्त नगर निगम राम मणि यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे । कार्यक्रम की अध्यक्ष लेखिका डॉ अपराजिता शर्मा रहीं।संस्था तुलसी साहित्य अकादमी की जिला अध्यक्ष भारती यादव मेधा कार्यक्रम की संयोजक थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि लेखक संजीव ठाकुर ने कहा इन प्रज्ञा चक्षु कन्याओं की कविताओं को सुनकर इनकी जिजीविषा और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से द्रवित हो गया, प्रकृति तथा ईश्वर ने इनके साथ दृष्टि की कमी जरूर की है पर इन्होनें अपनी इच्छा शक्ति से दिव्य-दृष्टि को आत्मसात कर जीवन के मार्ग को उत्कृष्ट बनाया है, इस शिक्षण संस्थान के संचालकों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अनंत साधुवाद, शुभकामनाएं।



# चेम्बर कार्यालय में ध्वजारोहण



**रायपुर, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने जानकारी दी कि 76वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में रविवार, 26 जनवरी, 2025 को प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण किया गया।

कार्क्रम के पूर्व सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर भारत माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर में माल्यार्पण, गुलाल व पुष्प अर्पित किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के द्वारा प्रातः ठीक 9.30 बजे ध्वजारोहण किया गया । ध्वजारोहण के पश्चात् राष्ट्रगान एवं भारत माता का जयघोष किया गया एवं सभी पदाधिकारियों, व्यापारी एवं उद्योगपति बंधुओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी ।

# राजधानी का महापौर बनने 28 ने जमा किए नामांकन

**रायपुर, 29 जनवरी।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर नगर निगम के महापौर पद के लिए कुल 28 उम्मीदवारों ने इस बार नामांकन पत्र दाखिल किया है। ऐसे में निर्दलीय और राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के बीच इस बार कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है।

महापौर पद के प्रमुख उम्मीदवार : आम आदमी पार्टी से महापौर पद के प्रमुख उम्मीदवारों में डॉ. शुभांगी अंजू चंद्रशेखर तिवारी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से दीप्ति प्रमोद दुबे, बीजेपी से मीनल चौबे, शिवसेना से अनीता कुलदीप, बहुजन समाज पार्टी से डॉ. सितारा खान, शिवसेना (यू.बी.टी.) से ज्योति सिंह,जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से चांदनी साहू, और निर्दलीय उम्मीदवारों में डॉ. आरती रामेश्वर सोनवानी, मोबिना खान और गायत्री सिंह शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के 10 प्रमुख नगर निगमों में इस बार चुनाव होंगे। जिनमें अंबिकापुर, चिरमिरी, कोरबा, दुर्ग,जगदलपुर, बिलासपुर, धमतरी, रायगढ़ रायपुर और राजनांदगांव नगर निगम के नाम इसमें शामिल हैं।

# डेंटल केयर कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर, 29 जनवरी।** महिला चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि कल छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग तथा सीता मेमोरियल मल्टी स्पेशिलिटी डेंटल क्लिनिक के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय डेंटल केयर कार्यक्रम का आयोजन वृन्दावन हॉल सिविल लाइन में संपन्न हुआ ।श्रीमती मधु अरोरा ने आगे बताया कि उक्त जांच शिविर में डॉ जितेंद्र सराफ जी (पेरियोडोंटिस्ट, इंप्लांटोलॉजिस्ट एवं लेजर डेंटिस्ट) एवं प्रिया सराफ की विशेष उपस्थित में महिलाओं को निशुल्क दंत चिकित्सा उपलब्ध कराई गई साथ ही अन्य 6 स्थानों (गली-नुक्कड़ों) में डेंटल केयर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जहां रहने वाले स्थानीय लोग इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे। श्रीमती अरोरा ने शिविर में योगदान देने वाले चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महिला चेंबर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, उपाध्यक्ष इंदिरा जैन, सोमा घोष, हेमलता शाह, सुमन मुथा, प्रीति मिश्रा एवं रश्मि वाधवा उपस्थित रहीं।

### आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगाए गए ऋण प्रतिबंध तुरंत प्रभाव से हटे

**रायपुर 29 जनवरी।** भारतीय रिज़र्व बैंक ने कहा कि आरोहन ने सुधारात्मक कदम उठाए और अपनी विभिन्न अनुपालनों को प्रस्तुत किया। कंपनी की प्रस्तुतियों के आधार पर और उनके द्वारा अपनाई गई पुनर्गठित प्रक्रियाओं, प्रणालियों और नियामक दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, विशेष रूप से ऋण मूल्य निर्धारण में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, आरबीआई ने आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगाए गए प्रतिबंधों को तुरंत प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया है। पूर्व निर्धारित गतिविधियों के तहत, आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज, एक प्रमुख एनबीएफसी एमएफआई, छत्तीसगढ के 2 स्थानों पर फऱवरी 2025 में एक एनजीओ के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर रहा है।

# धान न बेच पाने वाले किसानों को एक अतिरिक्त टोकन देने ज्ञापन

**रायपुर, 29 जनवरी।** थान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि के पहले ही किसानों को टोकन जारी करना बंद किये जाने से ?धान बेचने हेतु शेष रह गये किसानों के आक्रोश को देखते हुये सोसायटी माड्यूल से पुनः टोकन जारी करना तो शुरू कर दिया गया है पर शासन - प्रशासन व किसान की गलती के चलते पात्रता के बावजूद भी निर्धारित टोकनों में धान न बेच पाने वाले गिनती के किसानों को अभी तक राहत नहीं दिया गया है । ऐसे किसानों को एक अतिरिक्त टोकन जारी करने की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , मुख्य सचिव अमिताभ जैन व मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से ज्ञापन भेजा है ।

ज्ञापन में ध्यानाकर्षण के बाद धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि 31 जनवरी के पहले ही सोसायटी माड्यूल व आन लाइन टोकन जारी करना बंद किये जाने की ओर ध्यानाकर्षण कराये जाने के बाद बीते 26 जनवरी से पुनः टोकन जारी कराना शुरू किये जाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बतलाया गया है कि पूरे प्रदेश में बमुश्किल गिनती के ऐसे किसान शेष रह गये हैं जो शासन - प्रशासन अथवा स्वयं की गलती की वजह से पात्रता के बाद भी अपना बचत धान नहीं बेच पाये हैं । उन्होंने जानकारी दी है कि कुछ किसान अपने अंतिम टोकन का आन लाइन उपयोग करते समय शेष बचे धान की मात्रा अंकित करते समय गलती कर बैठे जिसकी वजह से उनका धान बिकना शेष रह गया है । इसी तरह शासन द्वारा उपार्जन केन्द्रों के लिये प्रतिदिन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित कर दिये जाने के कारण बड़े किसान निर्धारित तीन टोकनों में भी अपना पूरा धान नहीं बेच पाये । रायपुर जिले के मंदिर हसौद सहकारी बैंक शाखा के अधीन आने वाले धान उपार्जन केन्द्र टेकारी के 6 व बरौदा के 1 ऐसे ही किसान का उदाहरण देते हुये जानकारी दी गयी है कि पूरे प्रदेश में बमुश्किल ऐसे गिनती के किसान ही होंगे। ऐसे किसानों की सूची सोसायटियों के माध्यम से कलेक्टर ( खाद्य शाखा ) को पूर्व में ही भिजवा देने की जानकारी देते हुये इन्हें एक और टोकन जारी कराने का आग्रह किया है ताकि ऐसे किसान अपना शेष धान बेच सके । ज्ञातव्य हो कि शासन ने 5 एकड़ तक के किसानों के लिये 2 टोकन व इससे ऊपर रकबे के किसानों के लिये 3 टोकन निर्धारित किया है । इन्हें ही शेष धान बेचने एक - एक अतिरिक्त टोकन जारी करने की मांग की जा रही है । पूर्व में किसानों की इन दोनों समस्याओं को लेकर बीते 22 जनवरी को मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपने वाले श्री शर्मा ने कहा है कि पूर्व के वर्षों में किसानों की समस्या को देखते हुये अतिरिक्त टोकन जारी किया जाता रहा है ।

# छात्र कौशल विकास कार्यक्रम पर समझौता




**रायपुर 29 जनवरी।** भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज, एनएसई और छत्तीसगढ़ सरकार ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में राज्य के युवाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. इसके तहत पूरे राज्य में स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम की सुविधा दी जाएगी।

श्री मुकेश बंसल,सेक्रेटरी- फाइनेंस, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, कमर्शियल टैक्स (जीएसटी) और सेक्रेटरी- चीफ मिनिस्टर, छत्तीसगढ़ सरकार; और श्री श्रीराम कृष्णन, चीफ बिज़नेस डेवलपमेंट ऑफिसर, एनएसई, द्वारा आज छत्तीसगढ़ में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से एनएसई, पूरे राज्य में स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम की सुविधा प्रदान करेगा, जिसका उद्देश्य बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा) क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना, कौशल और क्षमता का निर्माण करना है। इस प्रोजेक्ट से बीएफएसआई क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

कौशल विकास, जो रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है, वर्ष 2024 के केंद्रीय बजट और केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति (2020) के मुख्य पहलुओं में से एक है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाता है और राज्य के युवाओं को बीएफएसआई क्षेत्र में आवश्यक कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए तैयार है, जिससे वे भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसरों से जुड़ सकेंगे।

श्री मुकेश बंसल,सेक्रेटरी- फाइनेंस, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, कमर्शियल टैक्स (जीएसटी) और सेक्रेटरी- चीफ मिनिस्टर, छत्तीसगढ़ सरकार, ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार और एनएसई के बीच यह एमओयू राज्य के युवाओं को बीएफएसआई क्षेत्र में महत्वपूर्ण कौशल प्रदान करने महत्वपूर्ण कदम है। जैसे-जैसे भारत समग्र आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, छत्तीसगढ़ भी इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तत्पर है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26